53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 22.8°c अधिकतम 32.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:22, सूर्यास्त - 7:09 | वर्ष : 53/ अंक : 141 | शुक्रवार, 23 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

ईश्वर का दर्शन और मित्र का दर्शन दोनों ही जीवन को प्रकाशित कर देते हैं।

राज्य की 90 प्रतिशत पीड़ित जनता जाग चुकी है चुनाव में सभी पीड़ित भाजपा को जवाब देंगे : अखिलेश यादव



इस हिसाब से तो बिना प्रचार ही के आपकी जीत पक्की......?

# तेज आंधी-तूफान के कारण बैंकटहॉल व जिम की उड़ी छत

▸ आंधी व आकाशीय बिजली गिरने से लाखों रुपये का नुकसान ▸ तापमान में गिरावट के साथ दर्ज हुई 17 एमएम बारिश ▸ 300 से अधिक खंभे गिरे, 50 लाख से अधिक का नुकसान

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर समेत समूचे उत्तर भारत में बुधवार देर शाम अचानक बदले मौसम के मिजाज के साथ आंधी-तूफान के कारण लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस दौरान तेज आंधी और बारिश के बीच कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि के साथ आकाशीय बिजली गिरने के चलते नुकसान होने के आंकड़े सामने आए हैं। जनपद मुजफ्फरनगर भी इससे अछूता नहीं रहा। यहां देर सायं आंधी-तूफान के साथ बारिश से जहां एक बैंकट हॉल और जिम की छत उड़ जाने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ। वहीं बिजली की आपूर्ति बाधित होने से जिले में हुए नुकसान का आंकलन भी 50 लाख से अधिक पहुंच गया है, जिसमें 300 से अधिक खंभों के टूट जाने से जनपद में विद्युत आपूर्ति दूसरे दिन भी बाधित रही।





दिल्ली-एनसीआर समेत समूचे उत्तर प्रदेश में मौसम फिर सुहाना हो गया। गुरूवार को बदले मौसम के बीच ऐसे में आसमान में काले बादलों की आवाजाही जारी रही और तेज नम हवाओं के कारण मुजफ्फरनगर समेत कई जिलों में तापमान में भी गिरावट हुई। गुरूवार सुबह कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश देखने को मिली। बीते दिवस अधिकांश जनपदों में भारी बारिश के साथ आंधी-तूफान ने कई जगहों पर नुकसान भी किया। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों ही संभाग के कई जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कहीं 20 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवाएं भी चलने का अनुमान है। 23 और 24 मई को अलग अलग जिलों के लिए मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी हुआ है। मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण यूपी में वेदर सिस्टम एक्टिव हो रहा है, जिसके कारण अलग अलग जगहों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। अगले 3 दिनों तक यूपी के अलग अलग जिलों में कहीं कम-कहीं मध्यम बारिश हो सकती है। गुरूवार को जारी मौसम विभाग के आंकड़ों में नगर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस के साथ बुधवार देर रात्रि में 17 एमएम और गुरूवार सुबह करीब 2 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसके साथ जनपद में बीती रात्रि आए आंधी-तूफान के कारण बुढ़ाना क्षेत्र में मेरठ-करनाल हाईवे स्थित बैंकट हॉल पर आकाशीय बिजली गिर जाने से इसके हॉल की दीवारें व छत क्षतिग्रस्त हो गई। बताया गया कि इस घटना से लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर मंसूरपुर क्षेत्र के पुरबालियान में भी बीती रात आये तेज तूफान से जिम की छत ढह जाने से भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा जनपद में आफत की आंधी की जद में आने से 300 से अधिक खंभें टूट कर गिर गए, जिसके कारण आधे से अधिक जनपद में अंधेरा छा गया। हालांकि जैसे ही बारिश बंद हुई विभागीय अधिकारियों की निगरानी में टीम क्षेत्र में उतर गई, जिसके कारण गुरूवार को दूसरे दिन भी दिनभर विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। इस विद्युत आपूर्ति के बाधित होने से जहां विभाग को करीब पचास लाख रुपए से अधिक का बड़ा नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है, जिसमें वृद्धि होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

## सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली, 22 मई (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित सभी पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। वक्फ कानून में संशोधन की वैधता को चुनौती देने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं। संशोधित कानून का समर्थन करने वाले हस्तक्षेपकर्ताओं में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली छह राज्य सरकारें शामिल हैं। हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और असम ने कानून का समर्थन किया। इन राज्यों ने प्रशासनिक निहितार्थों का हवाला देते हुए संशोधन का समर्थन किया है। लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को तीन अप्रैल को पारित किया था। राज्यसभा ने इसे गत 04 अप्रैल को मंजूरी दी और अगले ही दिन पांच अप्रैल को राष्ट्रपति ने संशोधित कानून पर अपनी मुहर लगा दी थी।

## आज होगी ई-रिक्शा चालकों संग पुलिस प्रशासन की बैठक

▸ जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए होगा विचार मंथन
▸ शहरी क्षेत्र में रूट निर्धारण की दी जायेगी जानकारी
▸ पुलिस लाइन सभागार में सायं 5 बजे बुलाई गई बैठक

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में बेतरतीब रूप से सड़कों से मुख्य बाजारों और संकरी गलियों में धड़ल्ले से दौड़ रही ई-रिक्शाओं के संचालन को व्यवस्थित करने, अतिक्रमण और जाममुक्त शहर बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। इस कड़ी में व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए पुलिस प्रशासन ने जहां एक ओर नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान की रूपरेखा तैयार की है, वहीं दूसरे चरण में जाममुक्त शहर की परिकल्पना को धरातल पर लाने के लिए पहली बार पुलिस प्रशासन ने ई-रिक्शा चालकों के साथ में बैठक करते हुए ई-रिक्शाओं की दिशा और दशा को बदलने की पहल की है।



जी हां, शहर क्षेत्र में संचालित ई-रिक्शा चालकों के साथ रूट निर्धारण के मुद्दे को लेकर जिले की यातायात पुलिस पहली बार बदलाव की दिशा में आगे बढ़ी है। इसके चलते जहां शुक्रवार को सायं 5 बजे पुलिस लाइन सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ई-रिक्शा चालकों को जहां रूट निर्धारण की जानकारी दिए जाने की तैयारी है, वहीं जाममुक्त शहर के लिए उनके विचार जानने के साथ यातायात पुलिस इससे जुड़े अन्य मुद्दों एवं समस्याओं पर इस बार मंथन करने जा रही है। इस कड़ी में गुरुवार को एसपी ट्रैफिक की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि एसएसपी संजय वर्मा के निर्देश पर नगर पालिका परिषद क्षेत्र मुजफ्फरनगर में ई-रिक्शाओं के भविष्य में शुरू होने वाले सुव्यवस्थित संचालन के साथ अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शाओं पर नियंत्रण एवं जाम की समस्या निदान को ई-रिक्शा चालकों के साथ बैठक की जा रहा है। इस बैठक में ई-रिक्शा चालकों व स्वामियों को 23 मई को तीन बजे एसपी यातायात की अध्यक्षता में प्रस्तावित बैठक में पहुंचने के लिए कहा है। बैठक में ई-रिक्शा चालकों को रूट आवंटन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि एसएसपी संजय वर्मा ने ई-रिक्शा संचालन के लिए शहरी क्षेत्र को तीन विशेष जोन में विभाजित करते हुए नई योजना बनाई है।

# बैनामा कराने आए ग्रामीण की जेब कटी...

## जेबकतरे को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस को सौंपा

**बुढ़ाना, 22 मई (बु.)।** बैनामा कराने आए एक ग्रामीण की सब रजिस्ट्रार कार्यालय के अंदर एक जेबकतरे ने जेब काट ली, जिसकी जेब कटी उसको, जेबकतरे की लापरवाही के चलते रुपये फर्श पर पड़े मिले तो उसे शक हुआ और उसने अपनी जेब देखी, तो जेब कटी हुई थी और उसमें से सभी 40 हजार रुपये भी गायब थे। इससे पहले जेबकतरा फर्श पर पड़े रुपए उठाता, तब ग्रामीण ने शोर मचाकर जेबकतरे को दबोच लिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए तहसील कर्मचारियों व कुछ अधिवक्ताओं ने जेबकतरे को पकड़कर मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में आज बृहस्पतिवार के दिन एक ग्रामीण बैनामा कराने के लिए आया हुआ था। कार्यालय में मौजूद एक जेबकतरे ने ग्रामीण की जेब काट ली, लेकिन 40 हजार रुपये की रकम चोर के हाथों से फिसलकर नीचे गिर गयी, जिसको ग्रामीण ने देख लिया, तो उसको अपनी जेब कटने का अहसास हुआ, तो उसे समझते देर नहीं लगी और उसने शोर मचा दिया, तो मौके पर कार्यालय के कर्मचारी और कुछ अधिवक्ता आ गये, जिन्होंने चोर को पकड़कर पीटा और सूचना देकर मौके पर आई पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस चोर को अपने साथ ले गयी। कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि इससे पहले भी डेढ़ महीने के अंतराल में दो लोगों की जेबें कटी थी, लेकिन जेबकतरे का पता नहीं लग पाया था। जेबकतरे की छाती पर दिलशाद नाम लिखा हुआ है, जबकि पुलिस ने उसका नाम गुलाब निवासी गांव इस्लामपुर घसौली थाना कांधला जिला शामली का रहने वाला बताया है। पुलिस जेबकतरे से फिलहाल पूछताछ कर रही है।



# भ्रष्टाचार के आरोपी हैड कांस्टेबल नरेन्द्र तेवतिया सस्पेंड

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर हुई कार्यवाही

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** नगर में लगातार खुल रहे भ्रष्टाचार के मामलों में भ्रष्टाचार पूरी तरह से खुलने के बाद अब एक्शन होता दिखाई दे रहा है। कल मुजफ्फरनगर के ही शहर कोतवाली क्षेत्र के आबकारी पुलिस चौकी पर तैनात हैड कांस्टेबल नरेन्द्र तेवतिया का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें शुभम त्यागी नामक व्यक्ति ने मीडिया से अपनी वीडियो के माध्यम से बताया था कि नरेन्द्र तेवतिया ने उससे दस हजार रुपये की रिश्वत ली है। तुलसी पार्क में बैठा हैड कांस्टेबल नरेन्द्र तेवतिया का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के साथ-साथ एक ऑडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें हैड कांस्टेबल उक्त मामले को किस तरह से मैनेज करना है, उसका तरीका बताते हुए शुभम त्यागी को फोन पर कह रहे हैं कि यदि तुमसे पूछताछ होने लगे या मैं किसी से बात कराऊं तो कह देना कि तुमने मुझसे दस हजार रुपये की नकदी उधार ली थी, वही लौटा रहा हूँ। उक्त घटना के अगले दिन आज गुरूवार को एसएसपी ने कार्यवाही करते हुए हैड कांस्टेबल नरेन्द्र तेवतिया को सस्पेंड कर दिया। हालांकि इस मामले में चौकी इंचार्ज राजकुमार शर्मा से भी बातचीत होने की बात कही गयी थी मगर उन पर अभी कोई एक्शन पुलिस कप्तान द्वारा नहीं लिया गया है। बड़ी बात यह है कि भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी मजबूत हो चुकी हैं कि भ्रष्टाचार खुलने से पहले किसी अधिकारी अथवा नेता को यह पता ही नहीं चलता कि आखिर भ्रष्टाचार कहां-कहां हो रहा है। खुलने के बाद तो कार्यवाही करना स्वाभाविक है। ऐसे में सवाल यह खड़े होते हैं कि प्रदेश व देश में ईमानदारी का दम भरने वाली सरकार के अधिकारी और कर्मचारी किस तरह से भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, इस बात को बताने की शायद अब कोई आवश्यकता ही नहीं रही। बड़ी बात यह है कि जिले में भ्रष्टाचार करने की इतनी छूट आखिर छोटे-छोटे कर्मचारियों को दी किसने हुई है? या तो सबकुछ पता होते हुए भी भ्रष्टाचार को नजरअंदाज करना एक आदत में शुमार हो गया है। सम्भवतः नेताओं को उद्देश्य सिर्फ अपनी कुर्सी को संभाले रखना ही रह गया है फिर चाहे जनपद हो या प्रदेश कहीं कुछ भी हो रहा हो, सबकुछ नजरअंदाज करने की शपथ नेताओं ने कुर्सी के साथ ही ले ली थी कि हम कुर्सी पर बैठकर पहले स्वयं का भला करेंगे, उसके बाद जनता की परेशानियों पर कभी-कभी निगाह कर लिया करेंगे। आमजन के दिलों में अब कई तरह के सवाल पनपने लगे हैं और वह सब सरकारों के नेताओं को एक जैसा मानने लगे हैं बल्कि आम आदमी तो सोशल मीडिया पर पोस्ट चलने के बाद कमेंट सेक्शन में खुलकर बताता है कि भ्रष्टाचार का भाव सपा, बसपा व अन्य सरकारों के मुकाबले दस गुणा ज्यादा भाजपा सरकार में है, जोकि सब भाजपा सरकार के नेताओं की नाक के नीचे ही हो रहा है। ऐसे में अधिकांश सरकारी मशीनरी भ्रष्टाचार करके स्वयं सरकार का वोट बैंक खत्म करने का काम कर रही है और नेता अपनी कुर्सी बचाने के चक्कर में सबकुछ नजरअंदाज करके बैठे हैं। नेता सोचते हैं कि 2027 आएगा, जनता को फिर एक बार हिन्दुत्व, मोदी-योगी, पाकिस्तान इन सब बातों में लगाकर फिर वोट बटोर लिये जाएंगे।



## दिल्ली को मिलेंगी 2800 इलेक्ट्रिक बस

**नयी दिल्ली 22 मई (वार्ता)** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने बेंगलुरु को 4,500, हैदराबाद को 2,000, दिल्ली को 2,800, अहमदाबाद को 1,000 और सूरत को 600 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। श्री कुमारस्वामी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री



ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत पर एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में तेलंगाना, कर्नाटक, दिल्ली और गुजरात राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में विचार विमर्श के बाद पीएम ई-ड्राइव योजना के वर्तमान चरण के अंतर्गत बेंगलुरु को 4,500, हैदराबाद को 2,000, दिल्ली को 2,800, अहमदाबाद को 1,000 और सूरत को 600 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के कारण अब देश में टिकाऊ शहरी गतिशीलता की दिशा में साहसिक कदम उठाए जा रहे हैं।

# चार्जशीट दाखिल होते ही पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक अस्पताल में दाखिल

**नई दिल्ली, 22 मई (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपपत्र दायर किया है। सीबीआई ने किरू हाइड्रो प्रोजेक्ट से जुड़े कथित करप्शन केस में मामला दर्ज किया था। इससे पहले इस मामले में मलिक के कई ठिकानों पर रेड भी किया जा चुका है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और पांच अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपपत्र दायर किया है। सीबीआई ने किरू हाइड्रो परियोजना से जुड़े कथित करप्शन केस में मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने इससे पहले इस मामले में सत्यपाल मलिक के कई ठिकानों पर रेड भी किया था। यह प्रोजेक्ट सिविल कार्य के ठेके में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। अधिकारियों के मुताबिक, पूर्व राज्यपाल के अलावा दो निजी सचिव और तीन अन्य लोगों के खिलाफ भी चार्जशीट दायर की गई है। ये सभी किरू हाइड्रो प्रोजेक्ट में कथित घोटाला में जांच के घेरे में हैं। सत्यपाल मलिक ने खुद हाइड्रो प्रोजेक्ट में करप्शन होने की बात उजागर की थी। इसकी जांच साल 2022 में शुरू हुई थी। सत्यपाल मलिक ने साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमले को सरकार की लापरवाही बताया था। सत्यपाल मलिक 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें परियोजना से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी। पिछले साल एजेंसी द्वारा तलाशी अभियान चलाए जाने के बाद उन्होंने अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार किया था। सीबीआई ने 2,200 करोड़ रुपए के सिविल कार्यों के ठेके में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में आरोपपत्र दायर किया है। एजेंसी ने मलिक और पांच अन्य को आरोपी बनाते हुए विशेष अदालत के समक्ष तीन साल की जांच के बाद अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किए हैं। सीबीआई ने पिछले साल फरवरी में मामले के सिलसिले में मलिक और अन्य के परिसरों की तलाशी ली थी। साल 2022 में एफआईआर दर्ज होने के बाद एक बयान में सीबीआई ने कहा था कि यह मामला 2019 में किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर परियोजना के सिविल कार्यों के लगभग 2,200 करोड़ रुपए के ठेके को एक निजी कंपनी को देने में कथित गड़बड़ी से संबंधित है। सीबीआई ने चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और निर्माण फर्म पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सत्यपाल मलिक ने साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमले को सरकार की लापरवाही बताया था। फरवरी 2019 के पुलवामा आतंकवादी हमले और अगस्त में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के दौरान सत्यपाल मलिक जेके के राज्यपाल थे।



# खतौली में डीएम के निर्देश पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**खतौली, 22 मई (बु.)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान से जहां सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों में हड़कम्प मच गया, वहीं प्रशासनिक अधिकारियों व भारी पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण करने वालों पर जेसीबी ने अतिक्रमण पर प्रहार किये।

मिली जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार राजीव त्यागी त्यागी के नेतृत्व में भारी पुलिस की मौजूदगी नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान का सख्ती से श्रीगणेश हुआ। इस दौरान जीटी रोड स्थित मौहल्ला काजियान में आईसीआईसीआई बैक वाली गली से अधिकारियों के निर्देशानुसार नगर पालिका टीम द्वारा सड़कों पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही शुरू की। इस दौरान बुलडोजर के प्रहार से सड़कों पर दुकानदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्यवाही शुरू होती ही अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गयी। भारी पुलिसबल की मौजूदगी में अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गयी। इस दौरान प्रशासनिक टीम व अतिक्रमण करने वालों के बीच अतिक्रमण हटाने को लेकर मामूली कहासुनी भी हुई। टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने में कोई कोताही नहीं बरती। इस दौरान पालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान कुछ अतिक्रमण करने वाले लोग स्वयं भी अतिक्रमण हटाते नजर आए। अब यह अतिक्रमण हटाओ अभियान एक दो दिन चलता है या लगातार चलता रहेगा, इसका तो प्रशासन ही जाने मगर आमजन में इस बात को लेकर चर्चा रही कि उक्त अभियान की एक दो दिन चलकर ही घुटने टेक देगा।



## वृद्ध माता-पिता आंखों में आंसू भरकर अपनी व्यथा बताने खतौली कोतवाली पहुंचे

### कलयुगी पुत्रों ने 75 वर्ष की आयु में निकाला घर से बाहर



**खतौली, 22 मई (बु.)।** जन्म देने के साथ पालन पोषण कर उम्र के इस पड़ाव में पुत्रों से प्रताड़ित पीड़ित वृद्ध माता पिता ने कलियुग के इस दौर में कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पहुंचे गांव गंगदाहड़ी निवासी 75 वर्षीय फूल सिंह व उनकी पत्नी उर्मिला देवी ने आंसू से भरी आंखों के साथ बताया कि उनके ही दोनों बेटों ने उन्हें वृद्ध अवस्था में घर से निकालकर दर-दर भटकने को मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिन माता पिता ने जन्म के बाद दोनों बेटों को गोद में खिलाया, पढ़ाया, लिखाया, शादी कराकर उनका घर बसाया, आज के कलियुग में वह माता पिता दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो गए हैं। पिता फूल सिंह ने नम आंखों के साथ बताया कि हमारी वृद्ध अवस्था को देखकर उन्हें बोझ समझकर बेटों ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया, तभी से हम पति-पत्नी कोई ठिकाना न होने के कारण दर-दर भटक रहे हैं। वृद्ध माता-पिता ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए आवासीय सुविधा व सुरक्षा की मांग की है। कलियुग के इस दौर में अपने ही पुत्रों से उम्र के इस पड़ाव में मिल रहे उत्पीड़न व तिरस्कार की पीड़ादायक घटना को सुनकर कोतवाली में मौजूद पुलिसकर्मियों की आंखें भी जहां नम होती दिखाई दी। वहीं पालन पोषण करते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन बलिदान करते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन बलिदान करके अपने बच्चों को समृद्ध बनाने वाले माता पिता के साथ तिरस्कार व उत्पीड़न के बढ़ते सिलसिले पर चिंता व्यक्त की। कोतवाली पुलिस द्वारा की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी गयी है।

# भारत में कोरोना की वापसी, गुजरात में 15 नये मामले सामने आए

**नई दिल्ली, 22 मई (एजेंसी)।** गुजरात में लंबे अंतराल के बाद कोरोना वायरस से संक्रमण के 15 नए मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने वायरस के नये स्वरूप को गंभीर नहीं बताया है और लोगों से नहीं घबराने के लिए कहा गया है। गुजरात में सभी 15 संक्रमितों का उपचार उनके घर पर ही किया जा रहा है। अतिरिक्त निदेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य) डॉ. नीलम पटेल ने बताया कि गुजरात में वर्तमान में कोविड-19 के जेएन1 स्वरूप के 15 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह वैरिएंट ओमिक्रॉन के प्रकार का ही है। ओमिक्रॉन वैरिएंट पहली बार अगस्त 2023 में सामने आया था। डॉ. नीलम पटेल ने बताया कि गुजरात के अहमदाबाद शहर में 13 संक्रमित हैं, जबकि राजकोट शहर और अहमदाबाद ग्रामीण में एक-एक मरीज इसकी चपेट में आया है। संक्रमण के ये



मामले ओमिक्रॉन जेएन.1 स्वरूप के हैं, जो कम गंभीर है। यह इस समय गुजरात या भारत के लिए बहुत चिंता का विषय नहीं है। डॉ. नीलम पटेल ने कहा कि हाल के सप्ताहों में चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना के हजारों मामले सामने आए हैं और लोग एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करते ही हैं, जिससे स्वाभाविक तौर पर संक्रमण भारत में भी फैल गया है। पटेल ने कहा कि गुजरात में कोरोना की पुष्टि वाले एक मरीज ने सिंगापुर की यात्रा की थी। अधिकारी ने कहा कि कोरोना वायरस का ये वैरिएंट कम गंभीर है, इसलिए इन 15 रोगियों में से किसी को भी अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ी। उनका घर पर ही क्वारंटीन में इलाज किया जा रहा है। हालांकि हमारे अस्पतालों में पृथक वार्ड हैं, लेकिन उन्हें तुरंत इस्तेमाल करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लोगों को बस सतर्क रहने की जरूरत है। खांसी और जुकाम वाले लोगों को बाहर जाने से बचना चाहिए।

## कोरोना का नया वेरिएंट मिलने के बाद उत्तराखंड में भी अलर्ट

**देहरादून, 22 मई (एजेंसी)।** देश के विभिन्न राज्यों में कोविड-19 के नए जेएन.1 वेरिएंट के मामलों में इजाफा होने के बाद केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने भी पूरे राज्य में कोविड सर्विलांस बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार ने बुधवार को राज्य के सभी मेडिकल कालेजों और जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि राज्य में फिलहाल कोविड का कोई भी मामला सामने नहीं आया है, लेकिन एहतियात के तौर पर तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आइडीएसपी) की टीमें जिलों में सक्रिय की जा रही हैं, ताकि किसी भी संभावित केस की तत्काल पहचान कर उपचार शुरू किया जा सके। सभी अस्पतालों को लक्षणों के आधार पर मरीजों की स्क्रीनिंग करने और जरूरत पड़ने पर कोविड जांच कराने को कहा गया है। यदि किसी स्थान पर एक साथ कई लोग संक्रमित पाए जाते हैं, तो वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के अस्पतालों में आक्सीजन की उपलब्धता, दवाओं का भंडारण और स्वास्थ्यकर्मियों की तैयारियों की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए माक ड्रिल की भी योजना बनाई जा रही है।

# पुलिस चौकी में हुआ हंगामा, मूकदर्शक बने रहे चौकी प्रभारी

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के बागोवाली पुलिस चौकी पर चौकी प्रभारी जय प्रकाश भास्कर के उदासीन बने रहने पर दो पक्षों में चौकी के अंदर ही वाकयुद्ध चलता रहा और वे खामोशी के साथ नजारा देखते रहे। दरअसल कूकड़ा निवासी शादाब उर्फ सोनू 18 मई को अपनी ससुराल मेघाखेड़ी की बात कहकर घर से निकला था लेकिन उसके बाद से वह लापता है, जबकि उसकी मोटर साइकिल ससुराल में ही खड़ी है। बताया जाता है कि शादाब का निकाह छह वर्ष पहले आसमा से हुआ था, जिससे उसे तीन बच्चे भी हैं। पिछले कुछ समय किन्हीं कारणों से आसमा अपने मायके ही रह रही है और शादाब अक्सर अपने बच्चों से मिलने आया जाया करता था मगर 18 मई से वह गायब है। इसी मामले में शादाब के परिजन अपनी परेशानी लेकर चौकी पहुंचे थे तो वहां पर पहले से ही मौजूद एक कथित नेता ने परिजनों को अपशब्द कहे और बाहर निकाल दिया, जबकि पुलिस यह सब तमाशा आराम से देखती रही। उक्त घटनाक्रम का वीडियो कैमरे में कैद कर एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर डाला गया, जिसमें पुलिस की मौजूदगी में एक नेता द्वारा थाने पर आए परिजनों को किस तरह से लताड़ा जा रहा है। इस बात का संज्ञान बाद में किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं ने लिया और मौके पर पहुंचकर चौकी प्रभारी को जमकर लताड़ पिलाई और खुलकर कहा कि पुलिस उक्त नेताजी की चमचागिरी करते हुए उसे कुछ नहीं कह पा रही है और न ही उक्त युवक की तलाश में कोई गंभीरता दिखा रही है। भाकियू कार्यकर्ताओं व पुलिस क बीच काफी देर तक नोकझोक के बाद भी मामला खत्म नहीं हुआ और भाकियू कार्यकर्ता चेतावनी देकर वापस चले गए।



# बाइक के ऊपर पेड़ गिरा, पति-पत्नी व बच्चा घायल

**मीरापुर, 22 मई (बु.)।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर चलती बाइक के ऊपर सड़क किनारे खड़ा पेड़ गिर गया, जिससे बाइक सवार दम्पति व उनका चार वर्षीय पुत्र घायल हो गया। मीरापुर थानाक्षेत्र के गांव सिकरेड़ा निवासी दिनेश गुरूवार की शाम करीब पांच बजे पत्नी पूजा व चार वर्षीय पुत्र वंश के साथ अपनी बाइक से मीरापुर जा रहा था। जैसे ही इनकी बाइक दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर उपाध्याय कैंटीन के समीप पहुँची, तभी अचानक सड़क किनारे खड़ा एक पोपलर का पेड़ टूटकर इनकी चलती बाइक के ऊपर जा गिरा, जिससे बाइक सवार दिनेश उसकी पत्नी पूजा व इनका पुत्र वंश (4वर्ष) पेड़ के नीचे दब गए तथा बुरी तरह घायल हो गए। राजमार्ग से गुजर रहे लोगों ने बामुश्किल तीनों को बाहर निकाला तथा एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। ग्रामीणों के अनुसार बच्चे वंश को अधिक चोट आई हैं। बाद में मौके पर पहुँचे वनकर्मियों ने पेड़ को हटवाकर बाइक को बाहर निकलवाया।







# शाहपुर में भयंकर आंधी-तूफान आने से विद्युत आपूर्ति हुई ठप्प

## - सैकड़ों पेड़ उखड़े, दर्जनों खंभे धराशाई, आम जन जीवन रुका, बागों में टूटा कच्चा आम

**शाहपुर, 22 मई (बु.)।** गत सायं आए भयंकर चक्रवाती तूफान में जहां विद्युत विभाग को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा है। सड़कों पर सैकड़ों पेड़ टूट गये, वहीं आम जनजीवन भी ठप हुआ है। इसके अतिरिक्त आम की फसल के बाग के ठेकेदारों को भारी नुकसान हुआ है। गत रात्रि से ठप्प विद्युत आपूर्ति को विद्युत विभाग काफी मेहनत और प्रयास के बाद भी 36 घंटे में भी सुचारू नहीं कर सका, क्योंकि नगर के तीन खंभे और 33000 के 18 खंबे खेतों में धराशाई हो गए हैं। विद्युत विभाग ने दिन में आज इन टूटे हुए खभों की जगह नये खंभे लगाने का प्रयास किया, लेकिन बरसात के कारण खेतों में जमीन गीली होने के कारण खम्बों को खड़े नहीं किया जा सका। जेसीबी मशीन खेतों में धस गई, जिसके चलते कर्मचारियों को वापस लौटना पड़ा। अब समस्या यह है कि विद्युत विभाग कस्बे की लाइन को भी इसलिए दुरुस्त नहीं कर सकता, क्योंकि बिजलीघर पर लाइट आए, तभी लाइन चेक होगी, क्योंकि कस्बा शाहपुर में भी तीन चार खंभे टूटे हैं और लाइन टूटी पड़ी है। अवर अभियंता पंडित श्याम किशोर शर्मा ने बताया कि विद्युत विभाग काफी प्रयास कर रहा है, लेकिन खंभे खड़े होने की समस्या के चलते कुछ भी कर पाना संभव नहीं है। उनका प्रयास रहेगा कि गांव निर्माणा के बिजलीघर से कस्बे की सप्लाई को आधी-आधी करके दो-दो घंटे चलाकर नगरवासियों की पेयजल आपूर्ति का प्रबंध हो सके। बिजली की लाइन टूटने में खंभे टूटने से जहां विद्युत विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, तो वहीं इस समय आम की फसल भी तैयारी की ओर है और तेज तूफान आने से भारी मात्रा में आम नीचे गिर गया। बाग ठेकेदारों ने बताया कि कुछ जगह तो पेड़ बीच में से भी फटकर दो हो गए हैं। ऐसे वृक्ष की संख्या सैकड़ों में है, वहीं शाहपुर क्षेत्र में ही नहीं पूरे जनपद में बिजली के खंभे टूट कर गिरे हैं और खंभे टूट कर गिरने से सब जगह खंभे लगाए जाने की मांग बढ़ने से मुजफ्फरनगर स्टोर में खंभे समाप्त हो गए, तब जहां-जहां नए बिजलीघरों पर काम चल रहा है, वहां से खंभे लाकर तत्काल आपूर्ति की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक कस्बे में विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी थी। उधर रात्रि में तूफान आने से बागों में टूटे आम आज बाजार में बिकने आए बाग ठेकेदारों द्वारा मंदे भाव पर कच्चे आमों की बिक्री की गई है तथा भाग ठेकेदार को कहना है कि यही आम पकने के बाद में महंगे दाम पर बिकता।

## आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत उपकरण फुंके

**मीरापुर, 22 मई (बु.)।** बुधवार की देर रात्रि कस्बे में आकाशीय बिजली गिरने से दो घरों के विद्युत उपकरण फुंक गए। बुधवार की देर रात्रि मीरापुर में अचानक तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली तेज आवाज के साथ कड़क रही थी। इस दौरान कस्बे के मौहल्ला नबाबपट्टी निवासी शाहिद सैफी के घर की छत पर आकाशीय बिजली गिर गयी, जिससे शाहिद के घर का इन्वर्टर व अन्य विद्युत उपकरण फुंक गए तथा बिजली की फिटिंग में फाल्ट हो गया। इसके अलावा इनके पड़ोसी इरशाद मेवाती के घर का इन्वर्टर भी इस दौरान फुंक गया। मौहल्लेवासियों के अनुसार जिस समय बारिश शुरू हुई थी, तो विद्युत आपूर्ति बंद हो गयी थी, जिसके चलते घरों में रखे अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फ्रिज, कूलर, पंखे आदि बन्द थे और आकाशीय बिजली भी मामूली रूप से गिरी अन्यथा भारी नुकसान हो सकता था।

# कुदरत का कहर- अपने घर की कच्ची छत को बचाने के लिए लटके थे बच्चे, छप्पर के साथ जा उड़े

**सागर, 22 मई (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में तेज आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचाई। मंगलवार को जिले के बंडा ब्लॉक के गोरा खुर्द गांव में एक विचलित कर देने वाला वाकया सामने आया, जहां तेज आंधी में एक कच्चे मकान का छप्पर उड़ गया और उसके साथ दो बच्चे भी हवा में उड़ गए। गनीमत रही कि दोनों बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, प्रदेश के कई इलाकों में पिछले कुछ दिनों से तेज हवाएं और बारिश का दौर जारी है। बुधवार शाम को भी मौसम अचानक बदला और तेज आंधी शुरू हो गई। सागर में हुई इस प्राकृतिक मार में अमोल नागवंशी के कच्चे मकान का छप्पर तेज हवा के झोंके में उड़ गया। अमोल अपने बच्चों के साथ घर में थे और छप्पर के उड़ने का डर होने के कारण सभी उसे पकड़कर नीचे खींचने की कोशिश कर रहे थे, तभी हवा के एक जोरदार झोंके ने छप्पर को उड़ा दिया और दो बच्चे छप्पर के साथ घर के बाहर हवा में उड़ते चले गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह एक चमत्कार ही था कि बच्चे सुरक्षित बच गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और वायरल वीडियो ने इस तूफान की भयावहता को सबके सामने ला दिया।



## जिला कृषि विभाग में पहुंचे अधिकारी ने की बैठक

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** उप कृषि निदेशक भूमि संरक्षण मेरठ अशोक तेवतिया ने गुरूवार को जिला मुख्यालय पर आने के बाद जिला कृषि विभाग में पहुंच कर विभागीय कामकाज की समीक्षा की और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। गुरूवार को उप कृषि निदेशक भूमि संरक्षण मेरठ अशोक कुमार तेवतिया विकास भवन स्थित जिला कृषि विभाग के कार्यालय में पहुंचे। यहां पर उन्होंने जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया से उनका विभागीय कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वागत किया। इस दौरान उप कृषि निदेशक भूमि संरक्षण मेरठ मंडल अशोक कुमार तेवतिया ने कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा की, वहीं उनके द्वारा भूमि सरंक्षण अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विभागीय कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान जिला भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव प्रकाश और जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया के साथ विभागीय बैठक कर कार्यों की समीक्षा भी की गई।

# गुरसरांय में आंधी-तूफान का कहर, सिंगार गांव में सैकड़ों तोते-मैना मृत मिले

**झांसी, 22 मई (एजेंसी)।** झांसी जिले में देर रात आई तेज आंधी, तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई है, जहां एक ओर जगह-जगह हरे-भरे पेड़ धराशायी हो गए, वहीं गुरसरांय थाना क्षेत्र के सिंगार गांव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। गुरुवार (22 मई, 2025) सुबह लगभग 9 बजे, गांव में सैकड़ों की संख्या में तोते और मैना मृत पाए गए, जिनकी तस्वीरें बेहद विचलित कर देने वाली हैं। जानकारी के अनुसार, गुरसरांय थाना क्षेत्र के बामौर रेंज के ग्राम सिंगार में देर रात्रि आई भीषण आंधी, तूफान और बारिश के चलते बड़ी संख्या में पक्षियों की जान चली गई। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। पेड़ों से गिरे सैकड़ों तोते और मैना जमीन पर मृत पड़े थे। मृत पक्षियों को एकत्र कर सिंगार तालाब पर स्थित माता के मंदिर के पास रखा गया। इस दुखद दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। बाद में, एक जेसीबी की मदद से गड्ढा खोदकर सैकड़ों मृत तोते-मैना को जमीन में दफनाया गया। इतनी बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। यह घटना प्रकृति के असंतुलन और जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभावों को दर्शाती है, जिसका खामियाजा बेजुबान जीवों को भुगतना पड़ रहा है। यह हृदयविदारक मंजर पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में गंभीरता से सोचने पर मजबूर करता है।



# मुजफ्फरनगर में इन्दु सिद्धार्थ बनीं नई अपर पुलिस अधीक्षक, 3 एएसपी के हुए तबादले



**लखनऊ, 22 मई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार को तीन अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले और नई तैनाती के आदेश जारी किए। इस आदेश के तहत मुजफ्फरनगर, बलरामपुर और कानपुर नगर के पुलिस प्रशासन में बदलाव किया गया है। तबादलों को जनहित में किया गया है और सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। विशाल पांडेय अपर पुलिस अधीक्षक (नगर-पश्चिमी), अम्बेडकरनगर का अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध), मुजफ्फरनगर के पद पर किया गया स्थानांतरण निरस्त करते हुए उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद बलरामपुर के पद पर तैनात किया गया है। योगेश कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद बलरामपुर को अपर पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट कानपुर नगर बनाया गया है। श्रीमती इन्दु सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान, मेरठ को अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध), जनपद मुजफ्फरनगर के पद पर नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने आदेश में स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से बिना प्रतीक्षा कार्यमुक्त करते हुए नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करना होगा।

## जासूसी के आरोप में एक और गिरफ्तार, यूपी एटीएस ने मोहम्मद तुफैल को दबोचा



**लखनऊ, 22 मई (एजेंसी)।** यूपी एटीएस ने मोहम्मद तुफैल को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उसके पास से एक मोबाईल और सिम कार्ड बरामद किया। खुफिया जानकारी के आधार पर एटीएस फील्ड यूनिट वाराणसी ने पुष्टि की कि तुफैल पाकिस्तान के कई लोगों के संपर्क में था। वह पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाह रिजवी के वीडियो व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करता था। साथ ही वह गजवा-ए-हिंद, बाबरी मस्जिद का बदला और भारत में शरीयत लागू करने का आह्वान करने वाले संदेश भी शेयर करता था। एटीएस ने बताया, मोहम्मद तुफैल व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़कर पाकिस्तान द्वारा प्रयोजित राष्ट्रविरोधी संगठन बनाकर भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को छति पहुंचाने की नीयत से कार्य करता था। इसके अलावा भारत की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां पाकिस्तान के नंबरों पर साझा करता था। तुफैल पर आरोप है कि उसने भारत के कई पर्यटक स्थल, राजघाट, नमोघाट, ज्ञानवापी, रेलवे स्टेशन, जामा मस्जिद, लाल किला, निजामुद्दीन औलिया की तस्वीर और उससे जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी नंबरों पर शेयर की थी। तुफैल ने पाकिस्तान की ओर से संचालित ग्रुप का लिंक वाराणसी के अन्य कई लोगों को भी भेजा था। तुफैल करीब 600 से अधिक पाकिस्तानी नंबरों से संपर्क में था।





# सड़क चौड़ीकरण न होने से नाराज भाकियू ने किया धरना प्रदर्शन, कई किलोमीटर तक पैदल मार्च

**चरथावल, 22 मई (बु.)।** नगर में सड़क चौड़ीकरण न होने के चलते लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने विकासखंड पर धरना-प्रदर्शन किया, वहीं किसी भी अधिकारी के न पहुंचने पर किसानों ने कई किलोमीटर तक पैदल मार्च किया। सूचना पर पहुंची एसडीएम सदर निकिता शर्मा को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द सड़क चौड़ीकरण के निर्माण की मांग की गई। एसडीएम सदर ने जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया। चरथावल मुजफ्फरनगर थाना भवन मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण न होने के चलते एवं चरथावल नगर में बिल्कुल निर्माण न होने के चलते चरथावल क्षेत्र में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। पिछले चार दिनों के अंदर आधा दर्जन के करीब मर चुके हैं, जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने विकासखंड पर इकट्ठा होकर कई घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन में छोटे अधिकारियों के आने व उच्च अधिकारियों के न पहुंचने से नाराज किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय के लिए पैदल कूच किया। किसानों का कारवाँ तेजी के साथ जनपद की ओर कूच करता रहा। वहीं पैदल मार्च की सूचना मिलते ही एसडीएम सदर निकिता शर्मा एवं चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे एवं किसानों को रोक लिया, वहीं किसानों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द सड़क चौड़ीकरण की मांग की, ताकि हादसों को रोका जा सके। इस दौरान मास्टर इस्लाम चेयरमैन, रोबिन सिंह मंडेर, महकार राणा, मुजम्मिल राणा, सलीम अंसारी, जावेद त्यागी, गुड्डू फौजी, बबलू प्रधान, संदीप चौधरी, कुंवर शहजाद राणा, विशाल चौधरी, शाकिब नूर, हाजी हुसैन त्यागी, डॉ. उस्मान त्यागी, जीशान त्यागी, ठाकुर मानचंद प्रधान, श्रीकांत सैनी, बॉबी सैनी, हारून, शहजाद, फैजाब मास्टर, आशु, नूरु, समीर आदि मौजूद रहे।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश को ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित




**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया है कि राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों व टाटा टेक्नोलोजी के सहयोग से प्रदेश के 149 राजकीय संस्थानों में संचालित हो रहे 11 दीर्घकालीन व्यवसायों में सत्र 2025 से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाईन आवेदन शुरू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए बेवसाईट को खोलने के बाद उस पर बने लिंक पर क्लिक कर पहले अपना फार्म भरना होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन आवेदन 12 मई से 05 जून, 2025 की रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। अभ्यार्थी को ऑनलाईन आवेदन से पूर्व आधार से मोबाइल नम्बर का सत्यापन करना होगा। फार्म भरने के पश्चात उस लिंक पर क्लिक कर ऑनलाईन भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन भुगतान डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिग, यूपीआई के माध्यम से करना होगा। वहीं ऑनलाईन हेतु यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, के पेमेंट गेटवे सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु अभ्यार्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगा। अभ्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन में की गयी प्रविष्टियों में हुई कतिपय त्रुटियों के संशोधन हेतु 2 दिन यानि 48 घंटे का समय दिया जायेगा। अभ्यार्थी विवरण को पूर्ण रूप से या जरुरत के अनुसार विवरणी का कोई भाग प्रिंट ले सकते है, या डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक सभी अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन 12 मई से 05 जून, 2025 की रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

# नॉक नॉक कौन है ? में फिर अभिनय की छाप छोड़ेंगे आयुष्मान सक्सेना

**- सीरिज में नये रोल के लिए अपना 10 से 15 किलो वजन भी बढ़ाया है।**
**- सीरिज में वेस्ट यूपी की भाषा की झलक भी साफ नजर आयेगी।**

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बुस.)।** मुजफ्फरनगर के आयुष्मान सक्सेना एक बार फिर रिलीज हुई क्राइम वेब सीरिज नॉक नॉक कौन है? में अपने अभिनय का लोहा मनवाएंगे। एक तरफा इश्क, जलन और मोबाइल ऐप्स की खतरनाक दुनिया को प्रदर्शित करती यह वेब सीरिज आप अमेजन एम.एक्स प्लेयर स्टीम पर फ्री में देख सकेंगे। युवा अभिनेता आयुष्मान सक्सेना की माने तो रोमांच और खौफ के मंजर को दर्शाती सीरिज दर्शकों को खूब पसंद आने वाली है। नई वैब सीरिज नॉक नॉक कौन है? का खतरनाक ट्रेलर आने के बाद से दर्शक उसे देखने के लिए काफी उत्साहित थे। गुरूवार को यह सीरिज रिलीज हुई, तो दर्शकों ने उसे हाथों-हाथ लिया है। अनिरूद्ध राजधरकर के डायरेक्शन में बनी इस वेब सीरिज में आध्या आनंद, कुश जोतवानी और अर्जुन देशवाल के साथ मुजफ्फरनगर का आयुष्मान सक्सेना मुख्य भूमिका में है। विभिन्न कंपनियों के विज्ञापनों के साथ ख्वाब, मेरी जान, रसभरी जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की धाक जमाने वाले अभिनेता आयुष्मान सक्सेना वेब सीरिज नॉक नॉक कौन है? में नए रोल में नजर आएंगे। क्राइम वेब सीरिज एक मोबाइल एप से जुड़ी है, जिसके जरिए किस तरह एक के बाद एक जुर्म को अंजाम दिया जाता है। सस्पेंस से भरी सीरिज के आखिरी क्षणों में जाकर ही इस किलर के चेहरे से नकाब से पर्दा उठेगा। अभिनेता आयुष्मान सक्सेना ने बताया कि दर्शकों को वेब सीरिज की कहानी पसंद आएगी। सीरिज में नये रोल के लिए उन्होंने बॉडी बिल्डिंग के जरिये अपना 10 से 15 किलो वजन भी बढ़ाया है। दूसरा सीरिज में वेस्ट यूपी की भाषा की झलक भी साफ नजर आयेगी। युवाओं के लिए यह सीरिज कई संदेश लेकर आयी है। खासतौर से मुजफ्फरनगर के लोगों का प्यार और आशीर्वाद उन्हें सदा ही मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। मुजफ्फरनगर में जन्मे आयुष्मान अभिनेता के साथ मॉडल भी है। उनके पिता संजय सक्सेना प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य है और मां रानी सक्सेना गृहणी होने के साथ पालिका की राजनीति में भी अच्छा मुकाम रखती है। बेटे के इस नई सीरिज और कामयाबी को लेकर पिता ज्योतिषाचार्य संजय सक्सेना और मां रानी सक्सेना काफी गद्गद है। आयुष्मान के करीबियों और शुभ चिंतकों ने मिठाई वितरित कर आयुष्मान सक्सेना को नई सीरिज की शुभकामनाएं भी दी।






## महिला के ऊपर जानलेवा हमला व टिप्पणी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**चरथावल, 22 मई (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम चौकड़ा से पुलिस ने महिला के ऊपर जानलेवा हमला करने एवं जातिगत टिप्पणी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों अभियुक्तों का चालान करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है। सीओ सदर देवव्रत वाजपेई के निर्देशन में चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार, उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल जुहैब आलम आदि ने मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के ग्राम चौकड़ा से महिला के ऊपर जानलेवा हमला करने एवं एससी/एसटी एक्ट में नामजद वांछित अभियुक्त संजय उर्फ संजू पुत्र नकली व पूर्ण सिंह पुत्र नकली निवासीगण ग्राम चौकड़ा थाना चरथावल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों अभियुक्तों का चालान करते हुए जेल भेज दिया है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 23 मई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 97250 | चांदी- | 99000 |
| सिक्का- | 1100 | गिन्नी- | 72465 |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा
मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# गोल्डन पब्लिक स्कूल के छात्र ने यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बुस.)।** पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल के कक्षा- 8 के छात्र प्रियांशु ने उत्तर प्रदेश स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन प्रियांशु की एकाग्रता, दृढ़ निश्चय और कठिन परिश्रम ने उन्हें विजेता बनाया। उनकी इस अद्भुत उपलब्धि पर स्कूल की प्रबंध समिति व प्रधानाचार्या, शिक्षकों एवं सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने प्रियांशु की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि "प्रियांशु ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हम सभी को उस पर गर्व है।"



# कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में प्लेन क्रैश, कई लोगों की मौत, 15 घरों में लगी आग

**कैलिफोर्निया, 22 मई (एजेंसी)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में गुरुवार को एक प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे में कई लोगों के मौत की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका के सैन डिएगो में गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से एक छोटा प्लेन क्रैश हो गया। इस कारण करीब 15 घरों में आग भी लग गई। प्लेन क्रैश करने के बाद हादसे वाली जगह को खाली कराया गया है। इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई। इस हादसे से जुड़ी कई तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए, जिसमें कई घरों में आग लगी नजर आ रही है। एपी की रिपोर्ट में फायर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद चारों तरफ जेट फ्यूल फैल गया था। ऐसे में हमारा पहला टारगेट यहां मौजूद सभी घरों की तलाशी कर वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना है। इस हादसे में कितने लोगों की मौत हुई, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन एपी ने बताया कि कई लोगों की मौत हुई है।



## पाकिस्तान का शर्मनाक चेहरा! यात्रियों की जान बचाने को इंडिगो ने एयर स्पेस की मांगी थी अनुमति, कर दिया था इन्कार



**नई दिल्ली, 23 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान की एक और शर्मनाक हरकत सामने आई है। श्रीनगर जा रही इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराने वाले पायलट ने यात्रियों की जान बचाने के लिए लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल से पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को जब अचानक आंधी-तूफान और ओलावृष्टि होने लगी, तो इंडिगो के पायलट ने खराब मौसम से बचने के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र की अनुमति मांगी थी, जिसे लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने मना कर दिया था। सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 2142 मामले की नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा जांच की जा रही है। विमान में टीएमसी सांसद समेत करीब 227 लोग सवार थे। खराब मौसम के बीच जब अचानक ओलावृष्टि होने लगी तो पायलट ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण को आपातकाल की सूचना दी। इसके बाद विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। बता दें कि इंडिगो की फ्लाइट की बुधवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। विमान में 227 लोग सवार थे। तृणमूल का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल श्रीनगर जाने वाली उड़ान में सवार था। इस विमान में प्रतिनिधिमंडल के सदस्य डेरेक ओब्रायन, नदीमुल हक, सागरिका घोष, मानस भुइयां और ममता ठाकुर शामिल थे। सोशल मीडिया वायरल हो रहे वीडियो में यात्रियों को विमान के हिलने के दौरान प्रार्थना करते हुए देखा जा सकता है। ओलावृष्टि के दौरान जिस विमान के आगे का हिस्सा (रेडोम) क्षतिग्रस्त हो गया था।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## आतंक का फन कुचलने की नीति

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल बीकानेर में आयोजित एक कार्यक्रम में बूंदी सहित देश के 103 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमन्त्री आतंक को लेकर रोष में दिखायी दिये। विपक्षी नेताओं की तीखी बातों और सवालों का उन्होंने अपने सम्बोधन में कोई उल्लेख नहीं किया। यानी लगातार ऐसी वैसी बातें करने वालों को और उनके सवालों को उन्होंने कोई अहमीयत नहीं दी। प्रधानमन्त्री को सुनने आए लोगों से जब पत्रकारों ने विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों को लेकर सवाल किये, तो लगभग सभी ने कहा कि हम तो मोदी जी को सुनने आए हैं, विपक्षी तो कुछ न कुछ कहते ही रहते हैं। एक व्यक्ति ने कहा कि कुछ विपक्षी नेता तो इस समय चैनलों की आईटम बने हुए हैं। पाकिस्तान में मशहूर होने की उनमें होड़ मची है, अच्छा है कि ऐसे तत्वों को प्रधानमन्त्री ने कुछ भी नहीं समझा। प्रधानमन्त्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि पहले घर में घुस कर वार किया था अब सीधा सीने पर प्रहार किया है। आतंक का फन कुचलने की यही नीति है, यही रीति है, यही भारत है, नया भारत है। उन्होंने कहा पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया। 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। हमने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। 22 मिनट में आतंकी ठिकाने तबाह किए, पहलगाम हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह किए। दुनिया ने देखा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो नतीजा क्या होता है? पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयरस्ट्राइक की थी। उसके बाद मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। वीर भूमि का ही ये तप है कि ऐसा संयोग फिर बना कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीकानेर में सभा हो रही है। हमने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय किए। पहला, भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो करारा जवाब मिलेगा। समय हमारी सेनाएं तय करेंगी, तरीका भी हमारी सेना तय करेगी और शर्तें भी हमारी होंगी। दूसरा, एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। तीसरा, हम आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे। प्रधानमन्त्री का सम्बोधन भावनात्मक रहा, जनता भी पूरे भाव से उन्हें सुनती रही, नारे लगाती रही, उन्होंने कहा कि मोदी की नस में खून नहीं, गर्म सिंदूर दौड़ रहा है पाकिस्तान भारत से कभी सीधी लड़ाई नहीं जीत सकता। इसलिए आतंकवाद को भारत के खिलाफ हथियार बनाया है। पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ पीओके और आतंकवाद पर। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा, ये भारत का संकल्प है। दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती है। मैं बीकानेर के नाल एयरबेस पर उतरा। पाकिस्तान ने इसे भी निशाना बनाने की कोशिश की थी। वो इस एयरबेस को रत्तीभर नुकसान नहीं पहुंचा पाया। यहां से कुछ दूरी पर पाकिस्तान का रहीमयार खान एयरबेस है। वह आईसीयू में पड़ा है। प्रधानमन्त्री ने जिस अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअली लोकार्पण किया, वह योजना भारतीय रेलवे की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य देशभर के छोटे-बड़े स्टेशनों को आधुनिक तकनीक, यात्री सुविधाओं और हरित संरचनाओं से सुसज्जित करना है। इस योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों को न केवल तकनीकी रूप से उन्नत किया जा रहा है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान और स्थानीय महत्व को भी बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। इन स्टेशनों पर यात्रियों को वातानुकूलित प्रतीक्षालय, साफ-सुथरे और आधुनिक शौचालय, एलिवेटेड वॉकवे और एस्केलेटर, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और सूचना केंद्र, हरित क्षेत्र लैंडस्केपिंग और वर्षा जल संचयन की व्यवस्था, दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं, बेहतर पार्किंग और ऑटो-टैक्सी स्टैंड की सुविधा, वाई-फाई और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। उद्घाटन समारोह के दौरान वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि देश के हर कोने को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ये स्टेशन सिर्फ यातायात का केंद्र नहीं, बल्कि नए भारत की तस्वीर हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किए जा रहे कार्य आने वाले समय में भारत की रेलवे को विश्व मानचित्र पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। अमृत काल में रेलवे का कायाकल्प सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाए, जिसे अमृत काल कहा जा रहा है। इस दृष्टि से रेलवे के बुनियादी ढांचे का विकास बेहद महत्वपूर्ण है। अमृत भारत स्टेशन योजना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। अब तक देशभर में सैकड़ों स्टेशनों को इस योजना के तहत चयनित किया गया है, जिनमें से कई का कार्य पूर्ण हो चुका है और बाकी पर तेजी से काम जारी है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के प्रधानमन्त्री शहबाज शरीफ ने अब भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की पेशकश की है। इस बातचीत के लिए उन्होंने सऊदी अरब को एक निष्पक्ष स्थान के रूप में सुझाया है। पाकिस्तानी अखबार द डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, शहबाज शरीफ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तमाम लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए सऊदी अरब एक उपयुक्त और स्वीकार्य स्थान हो सकता है। उन्होंने कहा, हम यह मानते हैं कि अगर कोई बातचीत की संभावनाएं हैं, तो सऊदी अरब जैसे तटस्थ मंच पर हो सकती हैं, जो दोनों देशों के लिए सम्मानजनक है। शहबाज शरीफ की इस पेशकश पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। भारत का अब तक का स्पष्ट रुख यह रहा है कि भारत और पाकिस्तान के मुद्दे पूरी तरह द्विपक्षीय हैं और इनमें किसी तीसरे पक्ष की आवश्यकता नहीं है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'मुफ्त' 'राशन' 'नाशुक्री' 'जहालत'

मुफ्त का खाया है राशन, मुफ्त की खायी दवा,
फिर भी नाशुक्री में जीना एक हिमाकत ही तो है।
ऐसे लोगों से न भिड़ना तुम कभी भी ऐ सुनील,
जाहिलों से बहस करना भी जहालत ही तो है।

# चेयरपर्सन ने देखी कार्यालयों की व्यवस्था, किया निरीक्षण

- पालिका से गैरहाजिर मिले दो अनुचर, कटेगा 1 दिन का वेतन
- वाहन पार्किंग व्यवस्था नहीं मिली दुरूस्त, लगाई फटकार
- पालिका में गंदगी को देखकर जताई नाराजगी, सुधार के निर्देश



**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने गुरूवार सुबह पालिका में पहुंच विभागीय व्यवस्थाओं को परखा तो कई खामियां उनके सामने उजागर हुई। चेयरपर्सन ने टाउनहाल परिसर के सौन्दर्यकरण का निरीक्षण करते हुए पार्किंग के लिए विशेष स्थान बनाए जाने के बावजूद भी बेतरतीब पार्किंग के साथ परिसर और कार्यालयों में सफाई का अभाव और गन्दगी देखकर अधीनस्थों को फटकार लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले तो उनका वेतन काटने के निर्देश दिये गये, वहीं रिकॉर्ड कीपर को भी कार्यप्रणाली में सुधार के लिए चेतावनी दी। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप गुरूवार में सुबह पालिका मुख्यालय टाउनहाल पहुंची और कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य कार्यालय में पहुंचकर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति को परखा, जहां स्वास्थ्य विभाग में दो अनुचर रहीस और सोनू ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। बिना कोई पूर्व अवकाश सूचना दिए अवकाश लेने पर उन्होंने दोनों का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं लेट लतीफ अफसरों व कर्मियों को समय से कार्यालयों में उपस्थित होने की हिदायत दी। चेयरपर्सन ने पथ प्रकाश, निर्माण, स्वास्थ्य, जलकल, जन्म-मृत्यु, रिकॉर्ड रूम एवं कंट्रोल रूम समेत अन्य कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को परखा। इस बीच कंट्रोल रूम में पुराना रिकार्ड लापरवाही से रखा मिलने, सफाई का अभाव भी बना था। इसके साथ टाउनहाल परिसर में दो पहिया सहित कूड़ा और अन्य वाहनों की बेतरतीब पार्किंग तथा गार्ड के मौजूद न मिलने व पार्क में बाहरी लोगों का जमावड़ा होने को लेकर उन्होंने रिकॉर्ड कीपर लिपिक तनवीर आलम को निर्देश दिये कि पार्किंग स्थल पर ही वाहनों को पार्क करायें। उन्होंने उनको कार्यप्रणाली सुधारने की चेतावनी देते हुए पार्किंग सही न मिलने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। वहीं जन्म मृत्यु कार्यालय के पास बरामदे में लगे लोहे के चैनल को बदलवाने के निर्देश दिए। इस दौरान सभासद रजत धीमान, एई जलकल सुनील कुमार, लिपिक मनोज पाल, तनवीर आलम समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। उधर इस सम्बन्ध में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि पालिका निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी गैरहाजिर पाये गये, जिनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सफाई और पार्किंग की व्यवस्था के खराब मिलने पर संबंधित को चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही सभी अधिकारी और कर्मचारियों से जनता के लिए समय से कार्यालयों में उपलब्ध होने के लिए कहा गया है।





# अफसरों के रवैये से आहत ठा.पूरण सिंह ने की भूख हड़ताल

- किसान समस्याओं के निदान की मांग को लेकर घेरी कलेक्ट्रेट - भ्रष्टाचार से आक्रोशित किसान मजदूर संगठन ने की पंचायत

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** भ्रष्टाचार और किसानों की विभिन्न समस्याओं के निदान की मांग को लेकर कई दिनों से शुरू आंदोलन गुरूवार में उस समय भूख हड़ताल में तब्दील हो गया, जब अफसरों की अनदेखी से आहत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरण सिंह ने कलेक्ट्रेट में जारी महापंचायत में दो टूक शब्दों में आरपार की लड़ाई की चेतावनी दे दी। जनपद भर से भारी संख्या में जुटे किसानों के बीच ठा. पूरण सिंह ने भ्रष्टाचार जैसे मामलों में कार्यवाही कराने के साथ किसान समस्याओं के निदान होने तक अन्न का एक भी दाना ग्रहण न करने का ऐलान करते हुए प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। डीएम कार्यालय पर भारतीय किसान मजदूर संगठन की ओर से भ्रष्टाचार और किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर बीते एक सप्ताह से बेमियादी धरना जारी है। प्रदर्शन के बावजूद अफसरों द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से आहत किसानों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट में महापंचायत करते हुए घेराव प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरण सिंह ने कहा कि जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार के कारण आज किसानों के साथ आमजन को भी उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है। ऐसे में चकबंदी, बिजली विभाग के साथ सिंचाई या गन्ना विभाग सभी में भ्रष्टाचार व्याप्त है। ऐसे में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अफसर न तो गंभीरता दिखा रहे हैं और न ही संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि यह जिला किसानों का जिला है। अफसरों से आरपार को भी हम तैयार हैं। हमने पूर्व में डीएम को दिये ज्ञापन में चकबंदी में बनी विभिन्न अनियमितता व अफसरों के कारण लंबित प्रकरणों को सुलझाने की मांग की थी। साथ ही जनपद में विद्युत सुधार योजना में विद्युत विभाग में काम कर रही एल एंड टी कंपनी में जारी भ्रष्टाचार को लेकर जांच कराने की आवाज उठाई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस दौरान आरडीएस योजना के तहत विद्युत विभाग में कराये कार्यों में बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आवारा गौवंश की देखरेख को संरक्षणकर्ता किसान को 300 रुपये प्रतिदिन भुगतान, भैंसाना शुगर मिल पर बकाया भुगतान कराने, लोक निर्माण विभाग की गत वर्षों में बनवाई सड़कों की जांच और पानीपत खटीमा राजमार्ग कार्य पूर्ण हुए बिना ही चालू टोल को बंद कराने की मांग रखी थी। कलेक्ट्रेट में धरने की अध्यक्षता राजकुमार सिंह व संचालन अन्नू मलिक ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव कृष्णपाल सिंह, ललित राणा, जिलाध्यक्ष बिल्लू राणा, नौबहार बिजनौर, अजब सिंह, कालूराम, देवराज पुण्डीर, भूपेन्द्र सिंह, ओमी लाल आर्य, मोनू राणा, विजयपाल सिंह, ओमपाल बिराल, विक्रम सिंह, यशपाल प्रधान, सतीश, अभिषेक कुमार, विक्रम सोम, अंकित सहित सैंकड़ों किसान मौजूद रहे। इस दौरान आंदोलन में आए सभी किसानों के लिए संगठन की ओर से डीएम कार्यालय परिसर में दाल चावल का भंडारा भी किया गया।

# एसडी पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय फॉनिक्स कार्यशाला का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बुस.)।** एसडी पब्लिक स्कूल में फॉनिक्स, अनुभवात्मक अधिगम और क्षमता संवर्धन पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एसडी पब्लिक स्कूल एवं द एसडी पब्लिक स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया, जिसके पश्चात अतिथि को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्मृति-चिन्ह स्वरूप पौधा भेंट किया गया। कार्यशाला प्रसिद्ध प्री- प्राइमरी प्रशिक्षक और मैपल बियर कैनेडियन प्री-स्कूल नोएडा की निदेशक डॉ. आभा अरोड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 'फोनिक्स' शिक्षण पद्धति को केंद्र में रखा गया, जो बाल शिक्षण को अधिक प्रभावी और आकर्षक बनाता है। इसके अतिरिक्त, कार्यशाला में कला एकीकृत शिक्षा तथा अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान की गई, जिससे शिक्षकों को बच्चों के संपूर्ण विकास में सहायता मिलेगी। कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रशिक्षक द्वारा शिक्षकों को नवीनतम फोनिक्स तकनीकों, गतिविधि-आधारित शिक्षण विधियों और व्यवहारिक शिक्षण के महत्व पर व्याख्यान दिए गए। साथ ही विभिन्न गतिविधियों और समूह कार्यों के माध्यम से शिक्षकों ने अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने पेपर कटिंग गतिविधि द्वारा बहुत बेहतरीन तरीके से समझाया कि किस प्रकार हर व्यक्ति या विद्यार्थी अपने आप में विशिष्ट होता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा का उच्चारण ध्वनियों की पहचान एवं शब्दों के निर्माण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से सिखाना, शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों से सशक्त करना, छात्रों के लिए अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा देना तथा प्राथमिक कक्षाओं में भाषा अधिगम को प्रभावी बनाना रहा। शिक्षकों ने कार्यशाला में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और इसे शिक्षण के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों की भाषाई नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ शिक्षकों की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक होती हैं और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सुदृढ़ नींव तैयार करती हैं। डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने अपने वक्तव्य में कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक होते हैं, बल्कि उनके शिक्षण कौशल को भी नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यशाला का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण एवं समूह चर्चा के साथ हुआ।



# विद्युत विभाग ने चोरों के विरुद्ध चलाया विशेष अभियान

**बुढ़ाना, 22 मई (बु.)।** विद्युत विभाग की टीम ने बिजली की चोरी करने वाले चोरों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 4 चोरों को बिजली की चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग की टीम ने बुढ़ाना बिजलीघर के अवर अभियंता मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस को साथ लेकर बिजली चोरी करने वालों की तलाश की, जिसमें टीम को शाहिद पुत्र शफीक अपने परिसर पर लगे मीटर की मेन इनकमिंग केबल में मीटर से पहले कट लगाकर अतिरिक्त केबल जोड़कर विद्युत चोरी करते पाया गया। इसके अलावा इरशाद पुत्र यामीन और जीशान पुत्र कालू निकट की एलटी लाइन से अतिरिक्त केबल जोड़कर विद्युत चोरी करते पाया गया। टीम को देखकर अन्य चोरों में हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम में मुख्य रूप से टीजी टू दीपक कुमार, अवर अभियंता प्रवर्तन दल प्रदीप कुमार शर्मा, प्रभारी प्रवर्तन दल मौहम्मद शाकिर अली, सब इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद, हैड कांस्टेबल रामकिशन यादव, हैड कांस्टेबल पंकज कुमार, हैड कांस्टेबल संजय सिंह बिष्ट, महिला हैड कांस्टेबल समीरा परवीन, संविदाकर्मी शिवम और संविदाकर्मी कपिल आदि विद्युतकर्मी मौजूद रहे। सभी चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

# कस्बे में आपरेशन सिंदूर व भारतीय सेना के शौर्य एवं सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा




**चरथावल, 22 मई (बु.)।** कस्बे में आपरेशन सिंदूर व भारतीय सेना के शौर्य एवं सम्मान में गुरुवार को चरथावल में देशभक्ति नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता विवेक बालियान, चरथावल ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुण्डीर,महिला पिछड़ा आयोग की सदस्य सपना कश्यप आदि ने भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने वो कर दिखाया, जो दुश्मन ने कभी सोचा भी नहीं था। दुश्मन के घर में घुसकर आतंकियों पर सीधा वार किया है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। हमारे देश की बागडोर ऐसे प्रधानमंत्री के हाथ में है, जिसने दुश्मन को हमेशा करारा जवाब दिया है। आपरेशन सिंदूर की सफलता से देश का प्रत्येक नागरिक उत्साहित है। भारतीय सेना के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। गुरुवार की शाम को महादेव मंदिर से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो मुख्य बाजार से होते हुए बस स्टैंड पर समाप्त हुई। इसमें जिला पंचायत सदस्य डॉ. विपिन त्यागी, अनुज त्यागी, नकुल कुमार, मिथुन त्यागी,अजय वर्मा, प्रशांत त्यागी, अमित कुमार, राधेश्याम, पंकज कश्यप, भोपाल पाल, भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष सचिन धीमान, वीरेंद्र त्यागी आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

MEDANTA
गैस्ट्रो सर्जरी
ओपीडी
डॉ0 विकास सिंघल
एसोसिएट डायरेक्टर
जीआई सर्जरी, जीआई ऑन्कोलॉजी एंड बेरिएट्रिक सर्जरी
इंस्टिट्यूट ऑफ डायजेस्टिव एवं हेपेटोबाइलेरी सांइसेस
जीआई सर्जरी संबंधी समस्याएं:
पित्ताशय की थैली, हर्निया, बेरिएट्रिक (वज़न घटाने) सर्जरी,
कैंसर, एसिड रिफ्लक्स/हाईटस हर्निया
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, – रोबोटिक सर्जरी
रविवार, 25 मई, 2025
प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
स्थानः सिंघल नर्सिंग होम (संतोष हॉस्पिटल),
कंपनी गार्डन के सामने, मुज़फ़्फ़रनगर
88995 89054

# पहली बार चरथावल में एक्शन में दिखी एसडीएम सदर, सड़क के दोनों ओर से घण्टों तक हटवाया अतिक्रमण

- अतिक्रमण हटवाने के बाद दोबारा अतिक्रमण पर 21 लोगों का काटा चालान





**चरथावल, 22 मई (बु.)।** कस्बे के मुख्य मार्ग पर बुधवार को मां-बेटी सायरा बानो व चांदनी की मौत से लोगों के आक्रोश को देखते हुए एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने गुरुवार को करीब 12 बजे कस्बे में पहुंचकर पुलिस बल के साथ मुख्य सड़क के दोनों ओर किये गए अतिक्रमण को हटवाया। अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त कराया। उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। दोबारा अतिक्रमण करने वाले 21 लोगों के दस हजार सौ रुपये के चालान काटे गये। पुनः अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। चरथावल नगर में पहली बार एसडीएम सदर निकिता एक्शन में नजर आई। चरथावल क्षेत्रवासियों की नाराजगी को देखते हुए एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने गुरुवार को करीब 12 बजे कस्बे में पहुंचकर पुलिस बल के साथ मुख्य सड़क के दोनों ओर किये गए अतिक्रमण को हटवाया। अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त कराया। उन्होंने कहा कि वह लगातार अतिक्रमण करने वालों पर निगाह रखेंगी। उन्होंने कहा कि लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को शुक्रवार से ही सड़क के दोनों ओर के नाले बनाने के साथ ही सड़क का निर्माण करने के लिए निर्देशित किया है। लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अभिषेक कुमार का कहना है कि दस मीटर सड़क, दो मीटर इंटरलॉकिंग व नाला बनाया जायेगा। इस पर कल से कार्य शुरू कर दिया जायेगा। वहीं दोबारा अतिक्रमण करने वाले 21 लोगों के दस हजार सौ रुपये के चालान काटे गये। इस मौके पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

सूचना
मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 882, दिनांक 27/01/2015 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम पुलकित (PULKIT) अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।
अभिषेक
ग्राम-पीनना, मुजफ्फरनगर
मो. 7017050053

सूचना
मेरी माता का नाम मधुरानी तलवाड़ व मेरे पिता का नाम विनोद कुमार तलवाड़ है। मैं अपने माता-पिता की इकलौती पुत्री हूँ। मेरी शादी दिनांक 23/01/1999 में संजय कुमार, पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी म.न. 165, गली उप्पला गुरू बाजार, अमृतसर, पंजाब के साथ हुई थी तथा शादी के बाद से ही मैं अपने पति के साथ उक्त पते पर निवास कर रही हूँ। मेरा नाम शादी से पूर्व ममता था तथा शादी उपरान्त मेरा नाम काजल रख दिया गया था, जो वर्तमान में मेरे सभी दस्तावेजों में भी दर्ज है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे हैं।
श्रीमती ममता उर्फ काजल
पत्नी संजय कुमार
निवासी 573/249, भरतिया कॉलोनी
मुजफ्फरनगर

# शारदेन स्कूल के छात्रों ने की पूल पार्टी में मस्ती





**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बुस.)।** शारदेन स्कूल के छात्रों ने नई मंडी स्थित रोम्प एंड रॉल में विभिन्न एक्टिविटीज में भाग लिया एवम जानसठ रोड स्थित कबीला लग्जरियस क्लब में स्विमिंग में खूब मस्ती की। स्कूल के प्रबंधक विश्व रतन और प्रधानाचार्य धारा रतन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। ऐसी गतिविधियां छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ आत्म विश्वास एवं रचनात्मकता का संचार करती हैं। शिक्षिका मेघा, प्रियंका, आंचल, रीना, आकांक्षा, नंदिनी के मार्गदर्शन में कक्षा-1 एवं 2 के बच्चों ने पूल में नहाकर मस्ती की।

# मीरापुर में सैनिकों के शौर्य व सम्मान में निकाली गयी विशाल शौर्य तिरंगा पद यात्रा

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**मीरापुर, 22 मई (बु.)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकियों व पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारतीय सेना द्वारा किये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद मीरापुर में भारतीय सैनिकों के शौर्य व सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों ने विशाल शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने यात्रा के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद व हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये तथा भारतीय सेना के वीर सपूतों की जय-जयकार की। इस दौरान यात्रा आयोजकों ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उसकी औकात बताई और विश्व को एक संदेश दिया कि भारत की अस्मिता पर हमला करने का प्रयास करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद सैनिकों के शौर्य व सम्मान में निकली विशाल शौर्य तिरंगा यात्रा की अगुवाई मीरापुर की क्षेत्रीय विधायक ने की। तिरंगा यात्रा सैनी शिव मंदिर से भारत माता के जयकारों के साथ शुरू हुई। शौर्य तिरंगा यात्रा सैनी मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजारों से होती हुई थाने के सामने जाकर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में शामिल जनसमूह ने जोश के साथ भारतीय सेना की जय जयकार की। तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक सुरेशचंद तितोरिया, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, भाजपा नेता अभिषेक गर्ग, अश्वनी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार पं. राहुल शर्मा, अमरजीत प्रधान, प्रद्युम्न शर्मा, विकास कौशिक, अनिल नंदवानी, डॉ. प्रवीण शर्मा, नितिन शर्मा, दिनेश सैनी, अशोक सैनी, राजेन्द्र रस्तौगी, इन्दर सिंह कश्यप, रूप सिंह, पत्रकार शाहनवाज सोनू, डॉ. सरताज बेग, प्रतीक सैनी, अजीत तितोरिया, संजय गिरी, डॉ. अशोक, विकास गोयल डब्बू आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# एमजी पब्लिक स्कूल किंडरगार्टन में मैंगो पार्टी में बच्चों ने की मौज-मस्ती




**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल में बच्चों को हेल्दी डाइट के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से मैंगो पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें शामिल नन्हें मुन्ने बच्चों ने जहां किंग ऑफ फ्रूट-मैंगों के स्वाद का भरपूर आनंद लिया, तो विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभागिता करते हुए जमकर मौज-मस्ती भी की। बच्चों के लिए पूरी पार्टी में मैंगो बाइट्स का आकर्षण आनंदमयी रहा। एमजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि बच्चों में वर्तमान में फास्ट फूड और जंक फूड के प्रति ज्यादा आकर्षण स्वास्थ्य संबंधी विकारों के साथ-साथ कई परेशानी का कारक बन रहा है। गलत खानपान की आदत के प्रति बच्चों को जागरुक करने के साथ ही हेल्दी डाइट चुनने के लिए लगातार प्रेरित किया जाता है। इसी उद्देश्य को लेकर विद्यालय के किंडरगार्टन में अध्ययनरत बच्चों के लिए मैंगो पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी में बच्चों ने किंग ऑफ फ्रूट मैंगो की वेशभूषा धारण करते हुए आम की खूबियों और इसके स्वास्थ्य के प्रति लाभ के बारे में जानकारी दी गई, तो वहीं आम की मिठास और उसके खट्टे स्वाद का भी मैंगो बाइट्स के सहारे आनंद लिया। किंडरगार्टन के बच्चों के लिए यह मैंगो पार्टी एक मजेदार आयोजन बना। इसमें बच्चों को जहां शिक्षिकाओं ने फलों अपने खानपान में शामिल करने के लिए प्रेरित किया, तो वहीं बच्चों को विभिन्न गतिविधियां भी कराई गई, जिसमें खेल, क्राफ्ट, डांस और मैंगो बाइट्स शामिल थे। बच्चों ने इस पार्टी के सहारे फलों की विशेषता, उनका स्वास्थ्य पर प्रभाव और उनके सहारे होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में सीखा। कार्यक्रम में किंडरगार्टन की सभी शिक्षिकाओं और स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को देश छोड़ने को कहा

**इस्लामाबाद, 22 मई (वार्ता)** भारत के दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिये जाने के 24 घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने गुरुवार को जवाबी कदम उठाते हुये यहां स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित घोषित कर पाकिस्तान छोड़ने को कहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित कर्मचारी को विशेषाधिकार से विपरीत गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को विदेश मंत्रालय में बुलाकर उसे सरकार के इस निर्णय से अवगत करा दिया है। इस राजनयिक को 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय उच्चायोग का कोई भी अधिकारी उसे प्राप्त विशेषाधिकार का किसी भी तरह दुरुपयोग नहीं कर सकता। गौरतलब है कि बुधवार को भारत ने दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित घोषित करते हुये उसे 24 घंटे के अंदर देश छोड़ देने को कहा था।

## शनिवार को जिले में विकास परखने आ रहे विशेष सचिव

### जल जीवन मिशन, गौशाला और 50 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे भौतिक सत्यापन

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** योगी सरकार द्वारा जनपद स्तर पर शुरू विभिन्न योजनाओं में किए विकास कार्यो को राज्य मुख्यालय के शीर्ष अधिकारियों के सहारे धरातल पर परखने के लिए एक बार फिर से कवायद शुरू हो गई है। इसमें जिले में नामित किए नोडल अधिकारियों द्वारा दौरे शुरू कर दिए गए हैं। मुजफ्फरनगर जनपद में नोडल अधिकारी बनाए विशेष सचिव शनिवार को दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम पर आ रहे हैं। इसके लिए डीएम के निर्देशन में गुरूवार को दिनभर विभागों ने अपनी तैयारियों को शुरू कर दिया।

नोडल अधिकारी के संभावित निरीक्षण के चलते गुरूवार को जिले के प्रशासनिक अफसरों से लेकर विभागीय अधिकारियों के कार्यालयों तक दिनभर हलचल का दौर जारी रहा। इसके चलते सरकारी योजनाओं की सुध लेने को तमाम अधिकारी व्यस्त दिखे। जानकारी के चलते उक्त विकास परियोजनाओं को धरातल पर फिर से परखने के साथ उनका भौतिक सत्यापन और समीक्षा करने के लिए सरकार द्वारा मुजफ्फरनगर में नागरिक सुरक्षा एवं राजनीतिक पेंशन विभाग के विशेष सचिव मनोज कुमार राय को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य सचिव स्तर से जनपदों में बड़ी योजनाओं में हुए कामकाज को देखने के लिए जनपदों में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। यहां पर विशेष सचिव मनोज कुमार राय 24 और 25 मई को भ्रमण पर आ रहे हैं। उनके द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल, गौ आश्रय स्थल के साथ 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की दो विकास परियोजनाओं का सत्यापन किया जायेगा। इसके लिए विभागों को तैयारी करने के निर्देश दिए। बता दें कि पहले जनपद में उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी को नोडल बनाया था, लेकिन विशेष परिस्थितियों के कारण उनको बदला गया।

## बीएसएफ ने पांच पाकिस्तानी चौकियां, आतंकवादियों का 1 लॉन्च पैड नष्ट किए

**जम्मू, 22 मई (एजेंसी)।** सीमा सुरक्षा बल ने एक अभियान में जम्मू सीमा पर पांच पाकिस्तानी चौकियां और आतंकवादियों का एक लॉन्चपैड' नष्ट कर दिए। बीएसएफ कमांडेंट चंद्रेश सोना ने जानकारी देते हुए बताया कि हमने उनकी गोलीबारी (पाकिस्तान द्वारा) का मुंहतोड़ जवाब दिया। हमने उनकी कई संपत्तियों को नष्ट कर दिया। मस्तपुर में उनका एक लॉन्चपैड था, जिसे हमने नष्ट कर दिया, हमारी कार्रवाई के कारण उनकी पांच चौकियां पूरी तरह तबाह हो गईं और हमने उनके कई बंकर भी नष्ट कर दिए।'' उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से ही पाकिस्तान लगातार नागरिक इलाकों और भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहा है। 10 मई को पाकिस्तान ने हमारी चौकियों, तैनाती स्थल और गांवों को निशाना बनाया। उन्होंने 61 एमएम और 82 एमएम मोर्टार का इस्तेमाल करते हुए भारी गोलेबारी की। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तानी सेना का सामना कर रहे थे, जो पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ मिलकर लड़ रही थी। हमने पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स दोनों को ही भयंकर नुकसान पहुंचाया।

# फरार चल रहे हत्यारोपी दो सगे भाई पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** किसान की हत्या के आरोप में फरार चल रहे दो सगे भाईयों को बुढ़ाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में दोनों हत्यारोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने उनके पास से एक 32 बोर की अवैध पिस्टल, 1 तमंचा व 1 बाइक बरामद की है। दोनों आरोपियों ने चार दिन पहले किसान का अपहरण कर गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी।

बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि 19 मई को बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव टांडा माजरा में किसान रविन्द्र की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। हत्या के बाद गांव के ही विक्रांत उर्फ विक्की व निखिल ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल की थी। पुलिस ने किसान के पिता की तहरीर पर दोनों सगे भाई विक्रांत व निखिल के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। एसएसपी ने बताया कि बुधवार देर रात बुढ़ाना पुलिस को सूचना मिली कि हत्या करने वाले आरोपी भागने की योजना बना रहे हैं। बुढ़ाना थाना प्रभारी आंनद देव मिश्र ने पुलिस टीम को साथ लेकर बुढ़ाना बसी मार्ग पर बदमाशों की घेराबंदी की तो अपने को घिरा हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस को भी गोली



चलानी पड़ी, जिसमें हत्यारोपी विक्रांत उर्फ विक्की व निखिल पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायल हत्यारोपियों से एक 32 बोर का पिस्टल, एक तमंचा व बाइक बरामद की है। हत्या करने के बाद शव को राजवाहे के किनारे फेंक दिया था। पूछताछ में उन्होंनें बताया कि उन्होंनें 20 साल पुरानी रंजिश का बदला लिया है।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान, 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को मिली जगह

**नई दिल्ली, 22 मई (एजेंसी)।** मुंबई के आयुष म्हात्रे को गुरुवार को अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया, जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया गया है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैचों की युवा वनडे सीरीज और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच शामिल होंगे। सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल के शानदार सत्र के बाद हुआ है। बिहार के समस्तीपुर का यह युवा बल्लेबाज आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनकर पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों पर लगाया गया उनका शतक लीग का दूसरा सबसे तेज शतक भी था। उन्होंने बिहार के लिए 5 प्रथम श्रेणी मैच और 6 लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। हालांकि सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में पहले यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ शतक बनाया था।

## दस हजार का इनामी गोकश मुठभेड़ में घायल

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में 10 हजार के इनामी गौकश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व 2700 रुपए बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि बुढ़ाना-मीरापुर राजवाहे के पास एक शातिर बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बैठा हुआ है। सूचना पर शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया, तो बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस को भी फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें दस हजार का इनामी गौकश शौकीन उर्फ बल्लू निवासी



शौकीन गार्डन, रेलवे लाइन के पास, थाना लिसाडी गेट, मेरठ गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश गौकशी के मामले में पुरकाजी व भोपा थानों से वांछित चल रहा था। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए भिजवा दिया है।

## किश्तवाड़ में सुरक्षा बल, आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू 22 मई (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि चटरू के सिंहपुरा इलाके में आतंकवादियों और पुलिस तथा सेना की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, ''ऑपरेशन त्राशी में आज सुबह किश्तवाड़ के चटरू में पुलिस और सेना के संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गयी। गोलीबारी में हमारे एक बहादुर जवान को गंभीर चोटें आईं और बेहतरीन चिकित्सा प्रयासों के बावजूद जवान ने दम तोड़ दिया।

## आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं, कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं: जयशंकर

**नयी दिल्ली 22 मई (वार्ता)** विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए,जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है। नीदरलैंड की यात्रा पर गये श्री जयशंकर ने 'दे वोक्सक्रांट' पत्रिका को दिये साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के



लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा , इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीयमुद्दा है। विदेश मंत्री ने कहा ,'' जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि 1947 में पाकिस्तान के भारत से अलग होने पर यह भारत में शामिल हो गया। हमारा रुख यह है कि अवैध रूप से कब्जा करने वालों को अवैध कब्जे वाले हिस्सों को सही मालिक को वापस करना चाहिए, और सही मालिक भारत है।''विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवादियों ने इस हमले से जम्मू-कश्मीर में जीवंत पर्यटन उद्योग को निशाना बनाया। आतंकवादी और उनके समर्थक अपने बहुत सीमित और स्वार्थी उद्देश्यों के लिए कश्मीर में चीजों को नष्ट करने पर तुले हैं। उन्होंने जानबूझकर हमले को धार्मिक रंग दिया । दुनिया को इस तरह की हरकतों को स्वीकार नहीं करना चाहिए।

## कांग्रेस को किसी बैसाखी की जरूरत नहीं, 2027 यूपी चुनाव से पहले इमरान मसूद ने सपा को सुना दिया!

**सहारनपुर, 22 मई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 2027 में अगला विधानसभा चुनाव है। चुनाव होने में अभी वक्त है पर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सहारनपुर में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने बड़ा बयान दिया है। इमरान मसूद ने कहा कि कांग्रेस को किसी बैसाखी की जरुरत नहीं है। हम खुद को मजबूत कर रहे हैं और चुनाव में इस बार 80-17 वाला फॉमूर्ला नहीं चलेगा। दरअसल मीडिया ने इमरान मसूद से सवाल किया कि 2027 विधानसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ना कांग्रेस को फायदा पहुंचाएगा या नुकसान। इस पर मसूद ने कहा कि अभी इस पर कुछ कहना जल्दबाजी होगी। हम कैसे अभी ये जान सकते हैं। हम अपने संगठन को मजबूत कर रहे हैं। कब तक हम बैसाखी का सहारा लेते रहेंगे। हम बिना बैशाखी के चुनाव लड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इमरना मसूद ने पीएम मोदी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। इमरान मसूद ने कहा कि हमें तो पीओके की उम्मीद थी लेकिन, सीजफायर का ऐलान हो गया।

## आए दिन लोहिया बाजार में ई-रिक्शाओं का जाम, क्या ऐसे ही रहेंगे इंतजाम

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (बु.)।** लोहिया बाजार में गुरूवार को इ-रिक्शाओं के जाम का भयावह नजारा साफ दिखाई दिये। इस नजारे में साफ तौर पर दिखा कि सड़कों पर चलने वाले आमजन के सिर कम और ई-रिक्शाओं की छतें, ज्यादा दिख रही हैं। बुलेटिन पाठक द्वारा जब इस नजारे को कैमरे में कैद किया गया तो ये देखकर यकीन नहीं आया कि दस फुट की गली में भी इतनी ई-रिक्शाएं जाने की छूट प्रशासन किस तरह से दे सकता है। लोहिया बाजार के लोगों का कहना है कि यह कोई पहली बार का नजारा नहीं है, रोजाना इस तरह के नजारे साफ देखे जा सकते हैं और किसी प्रकार का कोई प्रशासन क्षेत्र के लोगों की परेशानी समझने को तैयार नहीं है। हालांकि कुछ दिन पहले यहां के बाजारों ने बैरिकेटिंग लगाने का निर्णय लिया था मगर नेताओं के बहकावे में आकर उन्होंने अपना यह निर्णय बदल दिया था। हाल ही में ई-रिक्शाओं से सम्बंधित अधिकारियों की बड़ी बैठक भी हुई है, जिसमें पूरे शहर में अवैध ई-रिक्शाओं से



निजात पाने के लिए अहम निर्णय लिये गए हैं। अब देखना यह होगा कि किस तरह से लोहिया बाजार के व्यापारियों, लोगों को इस समस्या से निजात मिलती है।

## फतेहाबाद लघु सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

**फतेहाबाद, 22 मई (वार्ता)** हरियाणा के फतेहाबाद में बुधवार सुबह लघु सचिवालय को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिलने से हडकंप मच गया। यह धमकी उपायुक्त (डीसी) मनदीप कौर की आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए एक संदिग्ध संदेश के माध्यम से दी गई। सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सचिवालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी। लघु सचिवालय परिसर में डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। किसी भी संदिग्ध वस्तु के मद्देनजर कर्मचारियों और आम नागरिकों की एंट्री गेट पर ही रोक दी गई है। ऐहतियातन मौके पर एक एंबुलेंस भी तैनात की गई है। इसके बाद बम और डॉग स्क्वायड को बुलाकर जांच कराई गई।

फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बातचीत में बताया कि इस तरह के ईमेल समय-समय पर आते रहते हैं। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है, लेकिन घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 07 बजे डीसी की मेल पर हॉटमेल से मेल आई। इसमें साउथ इंडियन लेंग्वेज में लिखा हुआ था कि दोपहर 3.30 बजे एक्सप्लोसिव विस्फोट होगा। कुछ अभद्र बातें भी लिखी हुई थीं। इसके बाद हिसार से बम निरोधक दस्ते की टीम बुलाई गई। टीम में शामिल पांच सदस्यों ने आकर जांच शुरू की। उनके साथ डॉग स्क्वायड की टीम भी शामिल रही।

# ईडी कर रहा है हदें पार : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली, 22 मई (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने शराब दुकानों के लाइसेंस जारी करने से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के खिलाफ धन शोधन जांच पर रोक लगाते हुए गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा है। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर कथित 1,000 करोड़ रुपये के घोटाले में ईडी जांच की अनुमति देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। पीठ ने केंद्रीय एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा,''आपका ईडी सारी हदें पार कर रहा है। आपका कार्यालय किसी निगम पर छापेमारी कैसे कर सकता है? आप देश के संघीय ढांचे का पूरी तरह उल्लंघन कर रहे हैं।'' शीर्ष न्यायालय ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करेगा। तमिलनाडु सरकार ने ईडी ओर से सरकारी शराब खुदरा विक्रेता तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के परिसरों में जांच के दौरान की गई छापेमारी की वैधता को चुनौती दी थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने 23 अप्रैल, 2025 को राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी थी और ईडी की कार्रवाई को हरी झंडी दे दी थी। उच्च न्यायालय ने ईडी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दी। उच्च न्यायालय ने निगम द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया था कि चेन्नई में तलाशी के दौरान ईडी ने



उसके कर्मचारियों और अधिकारियों को परेशान किया था।

## यूपी: प्रदेश में आफत बनकर आई आंधी-बारिश

**लखनऊ, 22 मई (एजेंसी)।** पूरे प्रदेश में बुधवार को बिगड़े मौसम ने कई लोगों की जान ले ली। कई लोग आंधी में पेड़ गिरने या टिन शेड की वजह से घायल हो गए। पश्चिम यूपी में सबसे ज्यादा प्रभाव दिल्ली से सटे जिलों में रहा। आंधी-बारिश से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई तो वहीं आम की फसल को नुकसान होने का अनुमान है। आंधी-बारिश के दौरान बुधवार की सुबह गोरखपुर मंडल में तीन लोगों की मौत हो गई। गोरखपुर के एम्स थानाक्षेत्र में वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गई। वहीं, कुशीनगर में बाग में पेड़ गिरने से एक किशोर और झोपड़ी से दबकर एक महिला की मौत हो गई। गोरखपुर के एम्स इलाके के रजही में बुधवार की सुबह जंगल रामगढ़ उर्फ रजही शिवमंदिर टोला निवासी मुन्नीलाल मौर्या की पत्नी कैलाशी देवी (48) बेटे धीरज (19) के साथ भिंडी के खेत में सब्जियां तोड़ने गईं थी। इसी दौरान बिजली गिरने से दोनों झुलस गए। परिजनों ने दोनों को एम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, जहां धीरज की मौत हो गई। कैलाशी देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, कुशीनगर के कसया क्षेत्र के डुमरी चुरामन छपरा गांव के बागीचे में बच्चे आम बीनने गए थे। इसी बीच बारिश शुरू हो गई। आम का एक पेड़ गिर जाने से गांव का कृष्णा (14) और उसकी बहन ममता दब गईं। दोनों को कसया सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया। उधर, रामकोला क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी रमाकांत कुशवाहा की पत्नी मानती (46) बुधवार को खेत में निराई कर रहीं थीं। इस दौरान शुरू हुई बारिश से बचने के लिए पास की एक झोपड़ी में चली गई, जहां चार महिलाएं और छिपीं थीं।

## बदायूं में मेंथा ऑयल फैक्ट्री में भयंकर आग, नाइट्रोजन सिलेण्डर धमाकों से दहशत

**बदायूं, 22 मई (एजेंसी)।** बुधवार रात उत्तर प्रदेश के बदायूं में एक मेंथा ऑयल फैक्ट्री में भयंकर आग लग गई। तेज आंधी के कारण फैक्ट्री की चिमनी गिरी, जिससे आग फैल गई। आग की वजह से नाइट्रोजन सिलेंडर फटने लगे, जिससे करीब 100 धमाके हुए। इस हादसे में पास के गांव कूड़ा नरसिंहपुर को खाली कराया गया। बदायूं के उझानी कस्बे में स्थित भारत मिंट एंड एलाइड केमिकल्स नामक मेंथा ऑयल फैक्ट्री में बुधवार रात भीषण आग लग गई। फैक्ट्री के मालिक मनोज गोयल हैं। यह फैक्ट्री दिल्ली-बदायूं हाईवे के नजदीक स्थित है। आग लगने का प्राथमिक कारण तेज आंधी में फैक्ट्री की चिमनी का गिरना बताया जा रहा है। आग लगने के बाद फैक्ट्री में रखे 100 से अधिक नाइट्रोजन सिलेंडर फट गए, जिससे भारी धमाके हुए और पूरे इलाके में दहशत फैल गई। आग इतनी भयावह थी कि इसकी लपटें 60 फीट तक ऊपर दिखाई दे रही थीं। फैक्ट्री के आसपास करीब 20,000 लोगों की आबादी वाले इलाके में रहने वाले लोगों ने सुरक्षा के लिए अपने घर छोड़कर भागना शुरू कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए 100 से अधिक फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को मौके पर तैनात किया है। जिन्होंने कई घंटों तक लगातार आग बुझाने का प्रयास किया। हालात को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली-बदायूं हाईवे को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। आग और धमाकों से डरे हुए गांव वाले बाइक, कार और पैदल ही सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। पुलिस और प्रशासन ने लोगों को शांत रहने की सलाह दी।



## मोदी ने देशनोक में विश्वप्रसिद्ध करणी माता मंदिर में किए दर्शन



**बीकानेर 22 मई (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में बीकानेर जिले में स्थित देशनोक में विश्व प्रसिद्ध करणी माता मंदिर में दर्शन किए। श्री मोदी ने मंदिर में पूजा अर्चना की और माता का आर्शीवाद लिया। श्री मोदी पहली बार करणी माता मंदिर आये हैं। इस दौरान राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। इससे पहले प्रधानमंत्री देशनोक पहुंचने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व श्री मोदी करीब दस बजे बीकानेर के नाल हवाई अड्डे पर पहुंचे और वह हेलीकॉप्टर से देशनोक के लिए रवाना हुए थे। श्री मोदी मंदिर में दर्शन के बाद देशनोक रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां वह पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशन देशनोक का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद पलाना में 26 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## आंधी तूफान से डगमगाई यूपी की बिजली व्यवस्था, युद्धस्तर पर सुधारने के निर्देश

**लखनऊ 22 मई, (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बीती रात आंधी तूफान ने बिजली व्यवस्था को तहस नहस कर दिया। तेज रफ्तार आंधी से सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल उखड़ गये जिससे बड़े पैमाने पर विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुयी। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया है कि आंधी-तूफान, बारिश एवं वज्रपात के कारण तथा पेड़ों के टूटकर गिरने से जहाँ पर भी विद्युत व्यवस्था एवं आपूर्ति प्रभावित हुई है, वहाँ युद्धस्तर पर लगकर कार्य करें और तत्काल व्यवस्था को सुधार कर आपूर्ति बहाल करें।

उन्होने कहा कि विगत दो दिनों से प्रदेश में कहीं न कहीं पर आंधी तूफान एवं बारिश के कारण विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई है और इससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। जहाँ कही पर भी ऐसी समस्याएं उत्पन्न हुई है, वहाँ की विद्युत आपूर्ति संबंधी कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। आज रात 22 मई को भी लगातार प्रयास किया गया है और पूरी रात जागकर बिजली व्यवस्था एवं आपूर्ति को सूचारू बनाने के लिए अधिकारियों से सम्पर्क किया गया और उन्हें जरूरी निर्देश दिये गये। शर्मा ने कहा कि विद्युत व्यवस्था को ठीक करने और आपूर्ति बहाल करने के लिए रात के अंधेरे में भी विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में उतरकर टॉर्च की रोशनी में लगातार कार्य कर



रहे है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की एमडी ईशा दुहान ने रात के अंधेरे में क्षेत्रों का भ्रमण कर विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त कराया। सभी विद्युत कर्मियों को सजग व सतर्क रहने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि 21 मई को आई भीषण आंधी-तूफान के कारण 220 केवी के 85 एवं 86 नंबर के दो विद्युत टॉवर मेरठ के जागृति विहार और हापुड़ में टूटकर गिर गये। इन क्षेत्रों में 765 मैटोर के वैकल्पिक स्रोत से विद्युत आपूर्ति बहाल रखी गयी है शीघ्र ही इन टॉवरों को दुरुस्त कर इस सर्किट में विद्युत संचालन शुरू हो जायेगा। इसी प्रकार आंधी के कारण 220 केवी नैहटौर मैटोर सर्किट के छह एवं सात नंबर के दो टॉवर टूट गये। इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति को 220 केवी अमरोहा के वैकल्पिक स्रोत से संचालित की जा रही है।

## राजवीर सिंह वर्मा पर हुए प्राणघातक हमले के आरोपियों की तलाश जारी

**खतौली, 22 मई (बु.)।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा पर हुए प्राणघातक हमले में कोतवाली पुलिस द्वारा नामजद आरोपियों की तलाश में टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गत सोमवार को लाल दयाल पब्लिक सकूल के संस्थापक में विद्यालय कार्यालय में हुए प्राणघातक हमले की घटना को लेकर उनके पुत्र कर्मवीर सिंह द्वारा दर्ज करायी गयी रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस द्वारा विद्यालय प्रधानाचार्या ममता दत्त शर्मा, अध्यापिका शैली, आशीष सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कियागया है। पुलिस द्वारा आरापियों की गिरफ्तारी के लिए जहां पुलिस टीम का गठन किया गया है वहीं बताया जाता है कि वारदात के बाद से ही सभी आरोपी फरार हैं, जबकि कोतवाली पुलिस आरोपियों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर वारदात में गंभीर रूप से घायल राजवीर सिंह वर्मा का मेरठ स्थित सुभारती अस्पताल में उपचार जारी है।

## पाक में 100 साल पुराने मंदिर पर दबंगों का कब्जा, हिंदू नेता ने वीडियो जारी कर की खास अपील

**इस्लामाबाद, 22 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान में सिंध प्रांत में करीब 100 साल पुराने एक मंदिर पर दंबगों ने कब्जा कर लिया है। ये मंदिर सिंध के टांडो जाम कस्बे के पास है। इसकी जमीन पर बीते कुछ समय से पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। मंदिर की जमीन पर कब्जे के बाद अब इस पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। हिंदू समुदाय के एक स्थानीय शिवा काची ने गुरुवार को वीडियो बनाते हुए इसकी जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने सरकार से अवैध कब्जे को रोकने की मांग की है। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा कि 'मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है, लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है। मंदिर की भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। साथ ही शिव मंदिर की ओर जाने



वाले रास्ते और एंट्री को बाधित कर दिया है।' काच्छी ने कहा कि शिव मंदिर के कामकाज और मंदिर के आसपास की चार एकड़ जमीन की देखरेख का जिम्मा एक समिति के पास था। यह स्थान कराची से लगभग 185 किलोमीटर दूर टांडो जाम कस्बे के पास मूसा खटियन गांव में है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के कारण सिंध विरासत विभाग की एक टीम ने पिछले वर्ष इसका जीर्णोद्धार किया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के निकट ही हिंदू समुदाय के लोगों के अंतिम संस्कार के लिए एक शमशान भी है। मंदिर में प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालु भजन-कीर्तन भी करते हैं। संगठन प्रमुख ने कहा कि भूमाफिया ने मंदिर के आसपास की काफी भूमि पर कब्जा कर लिया है और इसके चारों ओर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।' सिंध में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के कल्याण के लिए कार्य करने वाले और कानूनी सहायता प्रदान करने वाले काच्छी ने पाकिस्तान सरकार से मंदिर के चारों ओर अवैध निर्माण को रोकने की अपील की है।

## अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक, सिर्फ पीओके के बारे में ही बात होगी-मोदी

**बीकानेर 22 मई (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिदूर को भारत का रुद्र रुप एवं नया स्वरुप बताते हुए कहा है कि हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाया हैं और जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं एवं अपने प्रण पर खरे उतरे हैं तथा अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी तो सिर्फ पीओके के बारे में ही होगी।

श्री मोदी गुरुवार को यहां पलाना में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने दो टूक साफ कर दिया है कि हर आतंकवादी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, यह कीमत पाकिस्तान की सेना एवं अर्थव्यवस्था चुकायेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। अब भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। यह भारत का संकल्प हैं कि



दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प से नहीं डिगा सकती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरुरी है। यह तभी संभव होगा जब भारत का कोना कोना मजबूत होगा। आज का यह कार्यक्रम भारत के तेज विकास का उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चुरु मैंने कहा था ''सौंगंध इस मिट्टी की, मैं देश नहीं मिटने दूंगा। मैं देश नहीं झूकने दूंगा, आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता से कहना चाहता हू कि देश के कोने कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम चल रहा है। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया हैं। उन्होंने कहा कि जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज उस कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे आज वह मलबे के ढेर में दबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह शोध प्रतिशोध का खेल नहीं है यह न्याय का नया स्वरुप हैं, यह आपरेशन सिंदूर हैं। यह सिर्फ आक्रोश नहीं है, यह समस्त भारत का रुद्र रुप हैं, यह भारत का नया स्वरुप हैं। उन्होंने कहा कि आज वह बीकानेर के नाल एयरबेस पर उतरे, पाकिस्तान ने इस एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की लेकिन वह इसे कोई नुकसान नहीं पहुंचाया पाया वहीं यहां कुछ दूर सीमा पार पाकिस्तान का एयरबेस है, पता नहीं कब खुलेगा और आसीयू में पड़ा हैं। भारतीय सेना के अचूक प्रहार ने इस एयरबेस को तहस नहस कर दिया हैं।

## मोदी ने बीकानेर से 26 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण

**बीकानेर, 22 मई (वार्ता)**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में गुरुवार को 26 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया और साथ ही 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित 103 अमृत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने देशनोक रेलवे स्टेशन पर बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्य के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के पांच अमृत स्टेशन सहित 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का किया उद्घाटन

**रायपुर, 22 मई (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पांच अमृत स्टेशन सहित देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करते हुए कहा कि इन स्टेशनों का उन्नयन यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के जिन अमृत स्टेशनों का उद्घाटन हुआ उनमें बिलासपुर मंडल का अम्बिकापुर स्टेशन, रायपुर मंडल का उरकुरा, भिलाई एवं भानुप्रतापपुर स्टेशन तथा नागपुर मंडल का डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आदिवासी बहुल सरगुजा जिले का मुख्यालय अंबिकापुर सहित राज्य के पांच रेलवे स्टेशन देश के मानचित्र में प्रमुख स्टेशन के रूप में




दिखेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशनों के सौगात के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। गौरतलब है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में कुल 1337 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिनमें से स्टेशनों के आधुनिकीकरण का कार्य पूर्ण होने वाले 103 अमृत स्टेशनों का आज लोकार्पण किया गया। इन स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है। साथ ही स्थानीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को भी स्टेशन डिज़ाइन में स्थान दिया गया है। इन अमृत स्टेशनो में उपलब्ध सुविधाओं में भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक साज-सज्जा, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट, दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप, प्लेटफॉर्म शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और डिजिटल डिस्प्ले आदि शामिल हैं।

## मोदी ने देशनोक में बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**बीकानेर 22 मई (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान में बीकानेर जिले में देशनोक रेलवे स्टेशन पर बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीएम मोदी देशनोक में विश्व प्रसिद्ध



करणी माता मंदिर में दर्शन करने के बाद देशनोक रेलवे स्टेशन पहुंचे और यहां उन्होंने देशनोक में बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या मौजूद लोगों में स्कूली बच्चे भी शामिल थे और प्रधानमंत्री ने इन बच्चों से मुलाकात भी की और बच्चों को अपने ऑटोग्राफ भी दिए।